*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 52

आचार संहिता उल्लंघन मामला : जयाप्रदा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें






# जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने का फैसला बरकरार

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आर्टिकल 370 अस्थायी था
- राज्य में सितंबर 2024 तक चुनाव कराने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं।

केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके चार साल, चार महीने और छह दिन बाद आये फैसले में कोर्ट ने कहा कि हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिये।

**आर्टिकल 370 के खिलाफ 23 याचिकाएं :** मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। पांच जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।




### केंद्र को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए : अधीर रंजन

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि 370 हमेशा से अस्थायी रहा, लेकिन हम राज्य का दर्जा वापस चाहते हैं। केंद्र को जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराना चाहिए और पूर्ण राज्य का दर्जा भी बहाल करना चाहिए।

### निराश हूं लेकिन हतोत्साहित नहीं : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी फैसले पर नाराजगी जतायी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि निराश हूं, लेकिन हतोत्साहित नहीं। संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में भाजपा को दशकों लग गये। हम भी लंबी दौड़ के लिए तैयार हैं। उन्होंने लिखा, दिल ना उम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है। लंबी है गम की शाम, मगर शाम ही तो है।

### यह फैसला, भारत के विचार की हार : महबूबा

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हमें निराश नहीं होना चाहिए। जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। आर्टिकल 370 को अस्थायी प्रावधान बताने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारी हार नहीं है, बल्कि भारत के विचार की हार है। मैं यह कहना चाहती हूं देश के लोगों को कि आप में से कई लोग इस (फैसले) का जश्न मना रहे हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता बरकरार



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स्वरूप स्थायी नहीं था।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गयी, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत्यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम उत्पन्न हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व्यापक नुकसान हुआ।

देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नयी शुरुआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी। मुझे अपने जीवन के शुरुआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गये।

(शेष पेज 02 पर )

## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री हेमंत को इडी ने आज पूछताछ के लिए बुलाया

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने समन जारी किया है। इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 12 दिसंबर को कार्यालय बुलाया है। जमीन घोटाला मामले में इडी की टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करेगी। इससे पहले भी हेमंत सोरेन को पांच समन जारी हुए हैं, पर वह नहीं गये। इडी ने मुख्यमंत्री को छठी बार समन जारी किया है। इससे पहले 14 अगस्त को मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए इडी ऑफिस बुलाया गया था। मुख्यमंत्री ने पत्र लिख कर इडी के ऑफिस जाने से साफ मना कर दिया था। इसके बाद इडी ने एक-एक कर कुल पांच बार मुख्यमंत्री को समन भेजा, लेकिन वह नहीं पहुंचे।

# धीरज साहू आयकर छापा : हवाला और शेल कंपनी से जुड़े पहलू की होगी जांच

- 400 करोड़ से अधिक के 'साहू', नोटों की गिनती अभी बाकी
- ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में पूरी हुई छापेमारी
- रांची आवास पर देर रात तक कार्रवाई जारी
- ओड़िशा में सोने और हीरे से भरे तीन बैग बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू 400 करोड़ से अधिक के 'साहू' निकले। पिछले छह दिनों से ओड़िशा, प बंगाल और झारखंड में चल रही आयकर की छापेमारी अभी तक खत्म नहीं हो पायी है। आइटी अधिकारी अभी तक नोटों को गिनवाने में ही व्यस्त हैं। हालांकि ओड़िशा और प बंगाल में छापेमारी समाप्त हो गयी है। यहां प्राप्त नोटों की गिनती लगभग पूरी हो गयी है। यहां से अब तक 353 करोड़ रुपये नकद मिले। अधिकारी इन जगहों पर अब लॉकर आदि खंगाल रहे हैं। सोमवार को भी लगभग सात स्थानों पर छापेमारी की गयी। ओड़िशा में बैंक लॉकर से तीन बैग सोना और हीरे के जेवर मिले हैं। इसके मूल्य का आकलन किया जा रहा है। इस बीच शेल कंपनी और हवाला मामले की भी चर्चा शुरू हो गयी है। आइटी ने इस एंगल से इलेक्ट्रानिक डिवाइस और दस्तावेजों को धीरे-धीरे खंगलना शुरू कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो हवाला-शेल कंपनी से जुड़े पहलू की भी जांच की जा रही है।

उधर, धीरज साहू के रांची आवास पर खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। यहां से भी भारी मात्रा में नकदी मिलने की सूचना है, जिनकी गिनती अभी बची हुई है। सूत्रों की मानें तो नकदी 500 करोड़ से ऊपर जा सकता है, वहीं, संपत्ति के बारे में अभी अनुमान लगाना भी कठिन है। क्योंकि सारे बैंक लॉकर, निवेश और अन्य दस्तावेजों के आकलन में समय लगेगा। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी रिकवरी साबित होगी।

### बैंक लॉकर में मिले सोने और हीरे से भरे तीन बैग

भुवनेश्वर। आयकर अधिकारियों ने अब साहू ब्रदर्स से संबंधित बैंक लॉकरों को खंगालना शुरू कर दिया है। ओड़िशा के बलांगीर जिले के टिटिलागढ़ के शराब व्यापारी संजय साहू की पत्नी के एक्सिस बैंक के खाते और लॉकर की जांच की गयी। एक्सिस बैंक के लॉकर से तीन बैग निकले। सूत्रों के मुताबिक बैग में सोने के आभूषण, हीरे, फिक्स डिपॉजिट, कुछ सोने के बिस्कुट और जमीन के कागजात थे।

### इंस्पेक्टर तिवारी कौन?... आइटी पता लगाने में जुटी

भुवनेश्वर। ओड़िशा के बलांगीर के सुदापाड़ा में शराब कंपनी के कार्यालय में एक लोहे के लॉकर को काट कर भारी नकदी बरामद की गयी। इसमें एक पैकेट में अलग से पांच लाख रुपये रखे मिले। इस पैकेट के ऊपर 'इंस्पेक्टर तिवारी' लिखा हुआ था। इसको देख कर आयकर अधिकारी हैरान हैं। सबके जेहन में एक ही सवाल कौंध रहा था कि आखिर ये 'इंस्पेक्टर तिवारी' कौन है, जिसके लिए अलग से पैसे रखे हैं। फिलहाल आयकर अधिकारी इसके बारे में जानकारी जुटाने में लगे हैं। अधिकारियों का मानना है कि संभव है कि यह शख्स पुलिस, उत्पाद शुल्क या आबकारी विभाग से जुड़ा कोई इंस्पेक्टर हो, जिसे हर महीन पैकेट भेजा जाता हो। इस बारे में संबंधित लोगों से पूछताछ की जायेगी।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



# भारत को सशक्त बनायेगा धारा 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## ■ पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के आगे बढ़ने की गति को मिलेगी नयी ऊर्जा

## ■ आजादी के अमृत वर्ष में आये इस फैसले ने डाल दी है भारत की मजबूती की नींव

**जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराते हुए कह दिया है कि 5 अगस्त 2019 का मोदी सरकार का फैसला वैध था और यह जम्मू कश्मीर के एकीकरण के लिए था। इसके साथ ही आजादी के अमृत वर्ष में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देनेवाली धारा 370 अब इतिहास के पन्नों में सिमट गया है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न केवल मजबूत होते भारत को अधिक सशक्त बनायेगा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ते भारत की गति को नयी ऊर्जा भी देगा। 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने संविधान की इस धारा को खत्म कर दिया था। यह कानून जम्मू-कश्मीर में करीब सात दशक से चला आ रहा था। 2019 में जब धारा 370 को खत्म किया गया था, तब भारत के विपक्षी दलों के रुख से उत्साहित होकर पाकिस्तान ने कुछ हद तक स्थिति बिगाड़ने की कोशिश की थी। घुसपैठ के जरिये हिंसा कराने की खूब कोशिश हुई, लेकिन सुरक्षा बलों ने सभी को नाकाम कर दिया। मोदी सरकार ने विशेष तौर पर जम्मू कश्मीर के विकास पर फोकस करना शुरू कर दिया, जिससे विपक्ष को तो मुंहतोड़ जवाब मिला ही, पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया को भारत का यह संदेश मिल गया कि यह नया भारत है, जो किसी से डरता नहीं है। मोदी सरकार की कोशिशों का परिणाम यह हुआ कि पिछले कुछ समय में राज्य में पर्यटन में भारी बढ़ोतरी देखी गयी है। जहां घाटी में दशकों बाद सिनेमाघर खुलने लगे हैं, तो वहीं पत्थरबाजी की घटनाएं और बंद के आह्वान लगभग शून्य हो चुके हैं। राज्य में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और हर क्षेत्र में विकास के नये द्वार खुल रहे हैं। इस तरह जम्मू-कश्मीर विकास के नये रास्ते पर आगे बढ़ चला है और अब जाहिर है कि यह मुद्दा 2024 के चुनाव में भी खूब उछलेगा। धारा 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के क्या हैं सियासी मायने और इसका कितना असर हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

सोमवार को पूरे देश की नजर सुप्रीम कोर्ट पर थी। चार साल चार महीने और छह दिन पहले 5 अगस्त, 2019 को संविधान की धारा 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष राज्य के दर्जे को खत्म करने और प्रदेश को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटे जाने के मोदी सरकार के फैसले को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत का फैसला आना था। लोगों के मन में तमाम सवाल चल रहे थे। क्या धारा 370 बहाल हो जायेगी, क्या सुप्रीम कोर्ट धारा 370 के प्रावधानों को निरस्त करने पर मुहर लगायेगा। लेकिन फैसला धारा 370 को खत्म किये जाने के पक्ष में आया। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई में पांच जजों की संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि धारा 370 के प्रावधान अस्थायी थे और उन्हें निरस्त करने का फैसला संवैधानिक तौर पर सही है। 5 अगस्त 2019 को संसद द्वारा किये गये इस ऐतिहासिक फैसले को न्यायिक समीक्षा की कसौटी पर खरा उतरने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। इसके अलावा मोदी सरकार के 2019 के ऐतिहासिक फैसले पर शीर्ष अदालत की मुहर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के लिए बूस्टर डोज की तरह है। 'मिशन 400' की राह पर निकली भाजपा आम चुनाव में इस मुद्दे को अपने पक्ष में भुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

### पीएम मोदी ने फैसले को ऐतिहासिक बताया

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पीएम मोदी ने पोस्ट किया, धारा 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है और 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद की तरफ से लिये गये फैसले को संवैधानिक रूप से बरकरार रखता है। यह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। पीएम ने आगे लिखा, अदालत ने अपने गहन ज्ञान से, एकता के मूल सार को मजबूत किया है, जिसे हम भारतीय होने के नाते, बाकी सबसे ऊपर प्रिय मानते हैं और संजोते हैं। मैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपके सपनों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रगति का लाभ न केवल आप तक पहुंचे, बल्कि इसका लाभ हमारे समाज के सबसे कमजोर और हाशिये पर रहनेवाले वर्गों तक भी पहुंचे, जो धारा 370 के कारण पीड़ित थे। आज का फैसला सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह आशा की किरण है, उज्ज्वल भविष्य का वादा है और एक मजबूत, अधिक एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है।




### फैसला 2024 से पहले भाजपा के लिए बड़ा बूस्ट

वर्ष 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव के बीच जो दो बड़े बदलाव आये हैं, वे हैं- जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर भारतीय संविधान को पूरी तरह वहां लागू करना और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। आम चुनाव से बमुश्किल तीन महीने पहले ही 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। धारा 370 को निरस्त किये हुए चार साल से ऊपर हो गये थे। वह मुद्दा धीरे-धीरे लोगों की स्मृतियों में धुंधला पड़ रहा था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह मुद्दा फिर सुर्खियों में आ गया है, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। धारा 370 को निरस्त करने और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भाजपा सबसे बड़े चुनावी वादों में से थे। जनसंघ के जमाने से उसका जोर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने पर था। दोनों वादे पूरे होने के बाद 2024 में पहली बार लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। दोनों ही मुद्दे भाजपा के राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के एजेंडे को तेज धार देंगे।

### 'मिशन 400' के लिए भाजपा को मिला टॉनिक

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा धारा 370 के मुद्दे पर अपने पक्ष में राष्ट्रवाद की लहर पैदा करने की हर मुमकिन कोशिश करेगी। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किये जाने के बाद वहां आये सकारात्मक बदलावों को पार्टी पहले ही चुनावों में शो केस करती आयी है। अगस्त 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में बदलाव साफ दिख रहे हैं। पत्थरबाजी अब अतीत की बात हो गयी है, जो कभी रोजमर्रा या साप्ताहिक कार्यक्रम जैसी हो चुकी थी। आइएसआइएस के काले झंडे गायब हो चुके हैं। आतंकवाद भले ही खत्म नहीं हुआ है, लेकिन उसमें बड़ी कमी आयी है। पूरा प्रदेश देश की मुख्यधारा के साथ कदमताल कर रहा है। आनेवाले समय में उसका पूर्ण राज्य का दर्जा भी बहाल होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर 2024 से पहले वहां विधानसभा चुनाव कराने का भी निर्देश दे दिया है। जम्मू-कश्मीर में शांति से विकास का रास्ता प्रशस्त हुआ है। पर्यटन बढ़ रहा है। जिस लाल चौक पर कभी तिरंगा लहराना बहुत मुश्किल होता था, आज वहां न सिर्फ शान से तिरंगा लहरा रहा है, बल्कि हर धर्म के प्रमुख त्योहारों पर वहां उत्सव सा माहौल रह रहा है।

संयोग से सुप्रीम कोर्ट का फैसला उसी दिन आया है, जिस दिन 31 साल पहले लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए भाजपा ने कन्याकुमारी से कश्मीर के लिए एकता यात्रा निकाली थी। 11 दिसंबर 1991 को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ मुरली मनोहर जोशी की अगुवाई में निकली उस यात्रा के मुख्य किरदारों में नरेंद्र मोदी भी शामिल थे। एकता यात्रा के समापन पर जोशी और मोदी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराया था।

### अबकी बार चार सौ पार

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा अब धारा 370 के बहाने राष्ट्रवाद के मुद्दे को धार देगी। राम मंदिर को लेकर हिंदुत्व के मुद्दे को धार देगी। मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना, मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास जैसी अपनी कल्याणकारी योजनाओं से एक ऐसा बड़ा लाभार्थी वर्ग तैयार कर लिया है, जो चुनाव में उसकी ताकत बन चुके हैं। नरेंद्र मोदी के दौर में भाजपा ओबीसी वोटरों को अपने पाले में खींचने में बहुत हद तक कामयाब हुई है। पहले रामनाथ कोविंद और फिर द्रौपदी मूर्मू को राष्ट्रपति की कुर्सी पर बिठा कर पार्टी ने दलित और आदिवासी वोटरों को भी लुभाने की कोशिश की है। उन्हें वाजिब प्रतिनिधित्व देने की कोशिश कर बड़ा सियासी संदेश दे रही है।

चुनावों में पार्टी को इसका लाभ भी मिल रहा है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा की एसटी सीटें दोगुनी से भी ज्यादा हुई हैं। एससी सीटें भी तकरीबन दोगुनी हुई हैं। तीनों राज्यों में भाजपा की जीत के पीछे यह एक अहम फैक्टर है। अब छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के रूप में आदिवासी और मध्यप्रदेश में मोहन यादव को सीएम बना कर पार्टी एसटी और ओबीसी वर्ग में अपनी पकड़ और मजबूत करने जा रही है। राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, ओबीसी-एससी-एसटी को लुभाने के लिए भाजपा-मार्का सोशल इंजीनियरिंग, नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और चुनाव जिताने की मशीन बन चुके मजबूत संगठन के दम पर भाजपा 'अबकी बार, 400 पार' मिशन पर मजबूती से आगे बढ़ चुकी है। 2014 में पहली बार 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल करनेवाली भाजपा ने 2019 में उससे भी बड़ी जीत हासिल करते हुए 303 सीटों पर कब्जा किया था। अब उसका लक्ष्य पिछली बार से भी ज्यादा प्रचंड जीत हासिल करना है।

पेज 1 का शेष

# सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता बरकरार

कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में 'इंसानियत', 'जम्हूरियत' और 'कश्मीरियत' का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्रोत भी रहा है।

मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हुआ था, वह हमारे राष्ट्र और वहां के लोगों के साथ एक बड़ा विश्वासघात था। मेरी यह भी प्रबल इच्छा थी कि मैं इस कलंक को, लोगों पर हुए इस अन्याय को मिटाने के लिए जो कुछ भी कर सकता हूँ, उसे जरूर करूँ। मैं हमेशा से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहता था।

सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब, वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गयीं। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो।

एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो।

इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी- नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना।

मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आयी थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास



चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया।

जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं।

हमने खेलशक्ति में युवाओं के सपनों को साकार करने की क्षमता को पहचानते हुए जम्मू एवं कश्मीर में इसका भरपूर सदुपयोग किया। विभिन्न खेलों के माध्यम से, हमने वहां के युवाओं की आकांक्षाओं और उनके भविष्य पर खेलों से जुड़ी गतिविधियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को देखा। इस दौरान विभिन्न खेल स्थलों का आधुनिकीकरण किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये और प्रशिक्षक उपलब्ध कराये गये। स्थानीय स्तर पर फुटबॉल क्लबों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाना इन सबमें एक सबसे अनूठी बात रही। इसके परिणाम शानदार निकले। मुझे प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अफशां आशिक का नाम याद आ रहा है। वो दिसंबर 2014 में श्रीनगर में पथराव करने वाले एक समूह का हिस्सा थी, लेकिन सही प्रोत्साहन मिलने पर उसने फुटबॉल की ओर रुख किया, उसे प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और उसने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुझे 'फिट इंडिया डायलॉग्स' के एक कार्यक्रम के दौरान उसके साथ हुई बातचीत याद है, जिसमें मैंने कहा था कि अब 'बेंड इट लाइक बेकहम' से आगे बढ़ने का समय है क्योंकि अब यह 'ऐस इट लाइक अफशां' है। मुझे खुशी है कि अब तो अन्य युवाओं ने किकबॉक्सिंग, कराटे और अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा दिखानी शुरू कर दी है।

पंचायत चुनाव भी इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। एक बार फिर, हमारे सामने या तो सत्ता में बने रहने या अपने सिद्धांतों पर अटल रहने का विकल्प था। हमारे लिए यह विकल्प कभी भी कठिन नहीं था और हमने सरकार को गंवाने के विकल्प को चुनकर उन आदर्शों को प्राथमिकता दी जिनके पक्ष में हम खड़े हैं। जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पंचायत चुनावों की सफलता ने जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक प्रकृति को इंगित किया। मुझे गांवों के प्रधानों के साथ हुई एक बातचीत याद आती है। अन्य मुद्दों के अलावा, मैंने उनसे एक अनुरोध किया कि किसी भी स्थिति में स्कूलों को नहीं जलाया जाना चाहिए और स्कूलों की सुरक्षा की जानी चाहिए। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि इसका पालन किया गया। आखिरकार, अगर स्कूल जलाये जाते हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान छोटे बच्चों का होता है।

5 अगस्त का ऐतिहासिक दिन हर भारतीय के दिल और दिमाग में बसा हुआ है। हमारी संसद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का ऐतिहासिक निर्णय पारित किया और तब से जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में बहुत कुछ बदलाव आया है। न्यायिक अदालत का फैसला दिसंबर 2023 में आया है, लेकिन जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में विकास की गति को देखते हुए जनता की अदालत ने चार साल पहले अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने के संसद के फैसले का जोरदार समर्थन किया है। राजनीतिक स्तर पर, पिछले 4 वर्षों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र में फिर से भरोसा जताने के रूप में देखा जाना चहिये। महिलाओं, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और समाज के वंचित वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा था। वहीं, लद्दाख की आकांक्षाओं को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया जाता था। लेकिन, 5 अगस्त 2019 ने सब कुछ बदल दिया। सभी केंद्रीय कानून अब बिना किसी डर या पक्षपात के लागू होते हैं, प्रतिनिधित्व भी पहले से अधिक व्यापक हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू हो गई है, बीडीसी चुनाव हुए हैं, और शरणार्थी समुदाय, जिन्हें लगभग भुला दिया गया था, उन्हें भी विकास का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है, ऐसी योजनाओं में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया गया है। इनमें सौभाग्य और उज्ज्वला योजनाएं शामिल हैं। आवास, नल से जल कनेक्शन और वित्तीय समावेशन में प्रगति हुई है। लोगों के लिए बड़ी चुनौती रही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। सभी गांवों ने खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। सरकारी रिक्तियां, जो कभी भ्रष्टाचार और पक्षपात का शिकार होती थीं, पारदर्शी और सही प्रक्रिया के तहत भरी गई हैं। आईएमआर जैसे अन्य संकेतकों में सुधार दिखा है। बुनियादी ढांचे और पर्यटन में बढ़ावा सभी देख सकते हैं। इसका श्रेय स्वाभाविक रूप से जम्मू-कश्मीर के लोगों की दृढ़ता को जाता है, जिन्होंने बार-बार दिखाया है कि वे केवल विकास चाहते हैं और इस सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने के इच्छुक हैं। इससे पहले जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की स्थिति पर सवालिया निशान लगा हुआ था। अब, रिकॉर्ड वृद्धि, रिकॉर्ड विकास, पर्यटकों के रिकॉर्ड आगमन के बारे में सुनकर लोगों को सुखद आश्चर्य होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर के अपने फैसले में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया है। इसने हमें याद दिलाया कि एकता और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता ही हमारी पहचान है। आज जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को साफ-सुथरा माहौल मिलता है, जिसमें वह जीवंत आकांक्षाओं से भरे अपने भविष्य को साकार कर सकता है। आज लोगों के सपने बीते समय के मोहताज नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाएं हैं। जम्मू और, कश्मीर में मोहभंग, निराशा और हताशा की जगह अब विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने ले ली है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.0 °c | 10.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |



## टैक्स चोरी : पांच दिनों से जारी है रामचंद्र रूंगटा के प्लांट में आइटी की रेड

# रूंगटा के प्लांट का स्टॉक खंगालने राउरकेला और बोकारो स्टील प्लांट के पदाधिकारी पहुंचे




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामचंद्र रूंगटा के प्लांट में पांच दिनों से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी लगातार जारी है। टैक्स की चोरी को पकड़ने के लिए आइटी की टीम ने आलोक स्टील, झारखंड इस्पात और मां छिन्नमस्तिका स्पंज एंड आयरन प्लांट के सभी दस्तावेजों को खंगाल लिया है।

### प्लांट में मौजूद उत्पादों की भी गिनती और वजन किया जा रहा

इसके अलावा रामगढ़ शहर में रामचंद्र रूंगटा के कार्यालय में भी पांच दिनों से दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। सभी प्लांट में स्टॉक जांचने के लिए राउरकेला स्टील प्लांट और बोकारो स्टील प्लांट से पदाधिकारी को बुलाया गया है। प्लांट प्रबंधन के द्वारा जो स्टॉक की जानकारी दी गयी है, उस पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम को भरोसा नहीं है। इसी वजह से सभी पदाधिकारी पिछले तीन दिनों से प्लांट के स्टॉक की जांच कर रहे हैं। यहां तक की प्लांट में मौजूद उत्पादों की भी गिनती और वजन किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्पंज के स्टॉक के अलावा सरिया, कोयला और अन्य उत्पादों के भी स्टॉक की जांच हो रही है। जानकारी के अनुसार आलोक स्टील और झारखंड इस्पात के सारे स्टॉक की जानकारी जुटा ली गयी है। सोमवार को मां छिन्नमस्तिका स्पंज एंड आयरन प्लांट में स्टॉक का मिलान किया जा रहा है।

**NAME CHANGE**

As per Affidavit No.: 23-24/F100204 Dated:11.12.23, SARASWATI DEVI Wo Nageshwar Prasad R/o village 26 karso, P.O. and P. S. Barhi Dist. Hazaribagh-825405.

Do hereby affirm and declare as follows:-

1.That I am an Indian national and resident of the above mentioned address.

2. That my correct name is SARASWATI DEVI.

3.That in my Adhar No. 2911 1728 1240 my name is mentioned as SABO DEVI. (SARO DEVI) which is wrong.

4.That SARASWATI DEVI and SARO DEVI is the name of one and same person.

5.That this affidavit is for the purpose of correction of my name as SARASWATI DEVI in place of SARO DEVI in my Adhar card no. 2911 1728 1240.

## कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने बोकारो में सरकार की योजना से कराया अवगत

# 1932 आधारित नियोजन नीति को लेकर प्रयास जारी रहेगा : हेमंत

### बोकारो के चास में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

### योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन, परिसंपत्ति और नियुक्ति पत्र का वितरण हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी सरकार दिल्ली, रांची या फिर एयर कंडीशनर में बैठकर नहीं, बल्कि गांव-गांव पहुंच कर लोगों के लिए काम कर रही है। किसी ने नहीं सोचा था कि सरकार राज्य के लोगों के द्वार तक जायेगी, लेकिन आज गांव-गांव पदाधिकारी योजनाएं लेकर लोगों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। मेरा प्रयास है, इस राज्य के हर द्वार तक योजना पहुंचे। इसके लिए सरकार विगत तीन वर्ष से शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रही है। राज्य में जब से हमारी सरकार वजूद में आयी है हम यहां के आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

हमारी सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार के लिए विधानसभा से 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराया। लेकिन जानबूझकर इसमें कानूनी अड़चन लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि 1932 आधारित नियोजन नीति के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा।



### आठ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का उद्देश्य राज्य की बेटियों को शिक्षा से जोड़े रखना है। इसके लिए राज्य की करीब आठ लाख बेटियों को योजना से जोड़ दिया गया है। इनकी उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार सहयोग कर रही रही। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य के छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ आदि में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हो सकेगी। 15 लाख रुपये तक का ऋण मिल सकेगा। राज्य सरकार इसके लिए गारंटर बनेगी। समय के साथ शिक्षा पद्धति के अनुसार सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री सोमवार को बोकारो के चास स्थित सोनाबाद में आयोजित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य गठन के बाद ही सभी जरूरतमंद को पेंशन योजना से जोड़ दिया जाना था। लेकिन 2019 से पूर्व तक बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग पेंशन के लिए तरसते रहे। वर्ष 2019 तक राज्य में मात्र 15 लाख लोगों को ही पेंशन का लाभ दिया जा रहा था। आपकी सरकार ने मात्र चार वर्ष में 37 लाख लोगों को पेंशन देने का कार्य किया। आज बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग को पेंशन से जोड़ा गया। वर्ष 2019 के पूर्व किसानों के आंसू पोछने का काम किसी ने नहीं किया बल्कि उन्हें रुलाने का कार्य किया गया। राज्य गठन के बाद पिछले 20 वर्ष में 08 लाख किसानों को केसीसी से जोड़ा गया। वहीं हमारी सरकार ने 04 वर्ष में 20 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से आच्छादित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा शुरू की गयी योजनाओं से अवगत कराया। लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### उद्घाटन-शिलान्यास और नियुक्ति पत्र वितरित


मुख्यमंत्री ने 4923.29 लाख रुपये की 15 योजनाओं का उद्घाटन और 11, 898.59 लाख रुपये की 193 योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने 18, 502 लाभुकों के बीच 32156.79 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी। इसके अलावा 17 अनुकंपा पर एवं डीएमएफटी के तहत 72 पारा मेडिकल स्टॉफ को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने बेरमो प्रखंड स्थित जरीडीह पूर्वी पंचायत एवं बेरमो प्रखंड के चंद्रपुरा स्थित तुरियो पंचायत में आयोजित शिविर में आये लाभुकों से संवाद किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सह पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के अलावा अधिकारी मौजूद थे।

# पीएम मोदी से अमर बाउरी ने की शिष्टाचार मुलाकात

### 2024 में झारखंड में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शानदार कामयाबी का जताया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का दायित्व मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लिया। आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। आज का दिन ऐतिहासिक है, जब उच्चतम न्यायालय ने भी कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। ऐसे दिन में प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात है। साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी पर 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव में भी बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी।



# सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश के लिए ऐतिहासिक : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकार के फैसले को बरकरार रखनेवाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए राज्यसभा सदस्य सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पूरे देशवासियों के लिए हर्षित करने वाला ऐतिहासिक फैसला है। हम इसका स्वागत करते हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटा कर न केवल एक नया अध्याय लिखा है, बल्कि भारत की एकता और अखंडता को नयी मजबूती भी दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास एवं सुशासन की दृष्टि से समग्र विकास के नये आयामों को गढ़ते हुए देश का सिरमौर बनेगा।



# अब कश्मीर का भी होगा विकास : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला दिया है। जज जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच जजों की बेंच ने सरकार के अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को सही करार दिया और इसे बरकरार रखने का फैसला लिया। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने स्वागत किया है। प्रतुल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय सुना कर 5 अगस्त, 2019 को देश की संसद के द्वारा लिये गये निर्णय पर सुप्रीम मुहर लगा दी। हमारा मानना है इस निर्णय के बाद से जम्मू कश्मीर, लद्दाख सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास होता रहेगा। आर्टिकल 370 के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग मुख्यधारा से कट गया था। अब उसका भी निरंतर विकास होगा। यह सिर्फ एक कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि पूरे जम्मू कश्मीर और देश में एक आशा की किरण लेकर आया है।




# मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभायें : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मां भारती की सेवा में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए तत्पर विस्तारकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सशक्त भाजपा से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। पार्टी के कार्यकर्ता आज आम जनता की आशा और अपेक्षाओं को पूर्ण कराने के महत्वपूर्ण पार्ट हैं। उन्होंने कहा कि देश समझ चुका है कि मोदी की गारंटी ही आत्म निर्भर भारत की गारंटी है। कहा कि हमें मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभानी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्व समावेशी और सर्व ग्राह्य भाजपा ही मूल मंत्र है। उन्होंने आगामी लोकसभा में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर पार्टी की जीत एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार के लिए राज्य की युवा शक्ति को, नव मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया। कहा बूथ और यूथ पर फोकस करें। बैठक को प्रदेश महामंत्री डॉ

### बूथ और यूथ पर फोकस करें : कर्मवीर सिंह

### मध्यप्रदेश के सीएम को प्रदेश भाजपा ने दी बधाई

रांची। मध्यप्रदेश के नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री द्वय एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को प्रदेश भाजपा ने बधाई दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री मरांडी ने कहा कि यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्व समावेशी भाजपा है। कहा कि भाजपा सभी वर्गों को सम्मान देने में विश्वास करती है।

### मोदी सरकार के दृढ़ निश्चय पर उच्चतम न्यायालय ने लगायी मुहर: बाबूलाल

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35ए के संबध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का स्वागत किया। श्री मरांडी ने कहा कि धारा 370 अब इतिहास बन चुका है । देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति पर उच्चतम न्यायालय ने मुहर लगायी है। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने धारा 370 और 35ए को हटाने के निर्णय,उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को पूर्ण रूप से सही ठहराया है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को देश की मुख्यधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है। कहा कि न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल सार तत्व को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख विकास की मुख्यधारा में तीव्र गति से जुड़ रहा है।

### 'बगैर विलंब इडी के समक्ष हाजिर हों सीएम हेमंत सोरेन, नहीं तो एक्शन लें राज्यपाल'

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को इडी (प्रवर्तन निदेशालय) के समक्ष जल्द उपस्थित होने की सलाह दी है। सीएम को छठी बार इडी की ओर से समन जारी किये जाने के बाद मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि सीएम को बगैर देरी किये सामने आना चाहिए। इडी का सामना करके सही सूचनाएं दें। इसमें भय कैसा। साथ ही बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर सीएम इडी के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, तो राज्यपाल को अब कदम उठाना चाहिए। जरूरी लगे तो बर्खास्त करें।

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
**Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001**

JIIDCO

**NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. : JIIDCO/13/2023-24**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand for the work as given below:

| Sl. No. | Name of work | Estimated cost (Rupees) | Amount E.M.D. (Rupees) | Cost of BOQ (Rupees) (non-refundable) Including 18% GST | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Repair and Maintenance work of Lady toilet of Main building of Jharcraft at Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi. | 2,82,557.00 | 6,000.00 | 1475.00 | 01 Month |

a. Tender documents can be purchased from the office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001 on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of **JIIDCO**, payable at **Ranchi** during working hours from **15.12.2023** to **21.12.2023**

b. Tender will be received on **22.12.2023** up to **3:00 P.M.**

c. Tender will be opened on **22.12.2023** at **3:30 P.M.** in presence of tenderer or his authorized representative.

Note: **For any information/complaints the department Helpline No./Mobile No. 82922 34107 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

Ref. No. : 652 Date: 11.12.2023

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद नगदी पर लोकसभा में सांसद सेठ ने उठाया सवाल

# राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग

## सवाल उठते ही शुरू हुआ हंगामा, राहुल और सोनिया से जवाब मांगने लगे सभी सांसद

सांसद ने कहा यह सिर्फ नगद बरामदगी का नहीं बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा का भी सवाल है

झारखंड में इडी अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर भी सांसद ने सदन में जतायी चिंता




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां से बरामद हुई नगदी को लेकर सांसद संजय सेठ ने सोमवार को लोकसभा में सवाल रखा। सांसद संजय सेठ के बोलते ही पूरे सदन में हंगामा हो गया। इस दौरान सांसद ने इस मुद्दे पर कांग्रेस, राहुल गांधी, सोनिया गांधी सबसे जवाब मांगा। भाजपा के सांसद भी संजय सेठ के साथ खड़े होकर जवाब मांगने लगे। सांसद ने लोकसभा में कहा कि यह मामला सिर्फ नगद बरामदगी का नहीं है, बल्कि यह मामला राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। सांसद ने कहा कि जो झारखंड खनिजों के खदान के लिए जाना जाता है, उसे झारखंड को आइएनडीआइ गठबंधन से जुड़ी झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने भ्रष्टाचार की खदान बना दिया है। 500 करोड़ रुपये की बरामदगी कोई छोटी बात नहीं है। उन्होंने सदन में यह बात भी रखी कि झारखंड में इडी के अधिकारियों पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है और यह सब कुछ राज्य सरकार के द्वारा संपोषित भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों के द्वारा किया जा रहा है। सांसद ने सदन में यह मांग की कि राज्य में इडी के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। गठबंधन की भ्रष्ट सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाये और इतने व्यापक पैमाने पर नगदी रखनेवाले भ्रष्ट सांसद की तत्काल गिरफ्तारी हो।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है कि कोई आदमी व्यवसाय की आड़ में इतनी बड़ी नगदी कैसे रख सकता है। कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलते-खोलते भ्रष्टाचार की खदान बन कर रह गयी है। श्री सेठ ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट में इडी के अधिकारियों ने जो हलफनामा दिया है, वह चिंताजनक है। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतंत्र के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है।

### सदन में सांसद संजय सेठ ने उठाया धर्मांतरण का मुद्दा

अर्जुन मुंडा ने कहा, राज्य सरकार इस पर ध्यान दे

नयी दिल्ली। झारखंड समेत राज्यों में आदिवासियों के धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि यह राज्यों का विषय है। राज्य सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनजातीय समुदायों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय सेठ के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए उक्त बातें कहीं। झारखंड से सांसद सेठ ने पूछा था कि क्या सरकार का ध्यान उनके राज्य में आदिवासियों के धर्मांतरण पर है। जवाब में मुंडा ने कहा, वैसे तो यह विषय राज्य सरकारों का है और राज्य सरकार को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए कि तमाम समुदायों, खासकर जनजातियों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें।

## विष्णु अग्रवाल की जमानत पर अब 18 को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई अब 18 दिसंबर को होगी। यह मामला हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट में सूचीबद्ध था। पिछली सुनवाई में मामले में कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले में विष्णु अग्रवाल के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाये। बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे इडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गयी थी।

## अमित अग्रवाल की कोर्ट में हुई पेशी, भेजे गये जेल

**रांची।** पीआइएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश के लेन-देन के अभियुक्त कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को रिमांड अवधि खत्म होने के बाद रांची सीबीआइ की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत के समक्ष सशरीर पेशी के बाद अमित अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। दरअसल इडी ने जो केस दर्ज किया है, उसमें हाइकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपी हैं। उन्हें कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। इडी द्वारा दर्ज केस को सीबीआइ ने हाइकोर्ट के आदेश पर टेकओवर करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। मनी लॉन्ड्रिंग के केस में अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र भी दायर हो चुका है।

## पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की जमानत हाइकोर्ट में मंजूर

एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड भरने एवं एक बेलर को टैक्स पे करने वाला होने की शर्त रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने कृष्णा साहा की जमानत पर सुनवाई की। पूर्व में कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता एस नागामुडू एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की। कृष्णा साहा को जमानत प्रदान करते समय कोर्ट ने एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड भरने एवं एक बेलर को टैक्स पे करने वाला होने की शर्त रखी है। दरअसल, 5 जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद इडी ने उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया था। इंडी समन भेजकर 5 जुलाई को रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय बुलाया था। एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिग के तहत जांच कर रही इडी कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी, साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साह को सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है।

## एसडीओ के दो पेशकारों पर चलेगा केस, रांची डीसी ने दी स्वीकृति

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोतवाली थाना केस संख्या-864 /15 के प्राथमिकी अभियुक्तों नितेश कुमार तत्कालीन पेशकार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर और रमेश कुमार राम उर्फ रमेश कुमार, तत्कालीन पेशकार अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के खिलाफ भादवि की धारा-420/466/477 (ए) /34 भादवि के उपबंधों के अधीन धारा 197 के तहत रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है।

### क्या है मामला

दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ करने का आरोप है। अब इन दोनों अभियुक्तों के खिलाफ केस चलेगा।

## इडी ने कोर्ट को बताया, झारखंड पुलिस ने तथ्यों को छुपाया, नहीं की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में इडी अवैध खनन और जमीन घोटाले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में इडी ने दो आइएएस समेत एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। इडी ने पिछले साल अगस्त माह में प्रेम प्रकाश के आवास से दो एके 47 राइफल्स और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया था। इस मामले को लेकर इडी ने झारखंड पुलिस पर फैक्ट्स को छुपाने का आरोप लगाया है। इडी ने कोर्ट को बताया है कि झारखंड पुलिस ने इस मामले की सही जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की है। इस मामले को छिपाने के लिए पुलिस ने केवल प्रेस रिलीज जारी कर दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि दो पुलिस जवान के हथियार थे और वे लोग मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा में तैनात थे, लेकिन राज्य पुलिस ने प्रेस रिलीज जारी कर लोगों को बताया कि सुरक्षाकर्मी ने पिछले रात को अपने हथियार प्रेम प्रकाश के आवास पर छोड़ दिया था। इडी ने कोर्ट को कहा कि इस प्रकार की मंशा प्रेम प्रकाश को बचाने की रही है। प्रेम प्रकाश को इडी ने पिछले साल अगस्त माह में रांची से गिरफ्तार किया था। अवैध खनन मामले में पीएमएलए के तहत उनकी गिरफ्तारी हुई है। प्रेमप्रकाश के घर से दो ए के 47 राइफल्स और साठ जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

## 16-17 को होनेवाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित की गयी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को स्थगित कर दिया गया है। इस परीक्षा का आयोजन 16 और 17 दिसंबर को होना था। लेकिन चयनित एजेंसी ने निर्धारित तिथि को परीक्षा के आयोजन कराने में असमर्थता जतायी। जिसके बाद परीक्षा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परीक्षा आयोजन की नयी तिथि का प्रकाशन जल्द ही आयोग की वेबसाईट पर करने की बात कही गयी है। बता दें कि इस परीक्षा में लगभग 650000 छात्र शामिल होने वाले थे। परीक्षा के आयोजन में आ रही परेशानी को लेकर जेएसएससी ने कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर पूर्व में यह कहा था कि 9 जिलों से सीट मैट्रिक्स नहीं होने के कारण परीक्षा लेने में दिक्कत आ रही है। एजेंसी अपना काम नहीं कर पायी है। जेएसएससी के अनुसार, सीट मैट्रिक्स मिलने के बाद परीक्षा कराने वाली एजेंसी को परीक्षा संबंधित काम करने और परीक्षा आयोजन कराने में लगभग दो महीने का समय लग जाता है। सेंटर पक्का होने के बाद प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका और अटेंडेंस पेपर सारे सेंटरों तक ले जाने और अन्य प्रकार के काम करने होते हैं. जेएसएससी की कई परीक्षाएं विवादों में रहीं है। हाल में हुई नगरपालिका परीक्षा विवादों के घेरे में है।

## मेला में उमड़ रही भारी भीड़, आयोजकों ने लिया निर्णय

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला की अवधि बढ़ी, 20 दिसंबर तक करें खरीदारी






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय व्यापर मेला का तेरहवां दिन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के वातावरण के बीच बीता। शाम ढलते ही तीसरे पहर रांची शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों (जैसे कडरू, अशोक नगर, हरमू, रेलवे स्टेशन, सहजानंद चैक, अरगोड़ा, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, बिरसा चैक, डिबडीह पुल, मेकान कॉलोनी, फिरायालाल चैक, अपर चुटिया, लोवर चुटिया, सुजाता टॉकिज, हिंदपीढ़ी इत्यादि) की भीड़ भारी मात्रा में मेला परिसर में दिखायी पड़ी। यहां पुरुषों में खादी की वस्तुओं की खरीदारी में रुचि दिख रही थी, तो वहीं पर दूसरी ओर महिलाए विभिन्न प्रदेशों से हाथ की बनी हुई ज्वेलरी और साड़ी की भारी मात्रा में खरीदारी कर रही थीं।

वहीं पर दूसरी ओर मेला परिसर में पधारे बच्चे विभिन्न प्रकार के झूलों जैसे टॉवर झूला, ड्रैगन टेज्न, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, कोलम्बस, मिक्की माउस, जम्पींग जापान, मोटरबोट, स्कॉपियो इत्यादि झूलों में झूलते हुये दिखलाई पड़ रहे थे।

मेला की संयोजक मीना टोप्पो ने विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सांस्कृतिक आयोजन समिति के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार एंव रमीज बारी ने बताया गया कि आज को अंतरराष्ट्रीय व्यापर मेला के शिल्पकला मंच पर आर्कषक छत्तीसगढ़ी स्टार नाइट का आयोजन किया जायेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ी सिनेमा की जानीमानी अभिनेता एवं अभिनेत्रियों के भाग लेने की संभावना है।

मेला के संयोजक संजीव तिवारी ने बताया कि झारखंड राज्य और रांची शहर के आम जनमानस की विशेष मांग पर यह मेला सात दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। अब यह मेला 20 दिसंबर तक चलेगा।

## हरित अर्थव्यवस्था के तहत हम पर्यावरण को संरक्षित रख सकते हैं : डॉ तपन शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

डीएसपीएमयू में बॉटनी विभाग की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता के संयुक्त सौजन्य से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सोमवार को किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन संयुक्त तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति टी एन साहू, डॉ एए माओ, निदेशक, बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया और विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने पृथ्वी पर उपलब्ध पौधों के वर्गीकरण और जैव विविधता की विस्तार से चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा तरीका है, जिसके अंतर्गत हम जरूरी विकास के साथ अपने पर्यावरण को संरक्षित रख सकते हैं। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक, डॉ एए माओ ने कहा कि इस विषय की उपयोगिता अकादमिक और शोध के अलावा भी बहुआयामी तरीके से है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने ऐसे कार्यक्रमों से नयी जानकारी का समावेश होता है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड के सभी सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और नौकरशाहों की चल-अचल संपत्ति की जांच हो: नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बचाओ मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के यहां आयकर विभाग के द्वारा रेड किये जाने पर 500 करोड़ रुपया पकड़ाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब झारखंड के सभी सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और नौकरशाहों की चल-अचल संपत्ति की आयकर विभाग जांच करे। उन्होंने कहा कि जांच होने पर इतने रुपये मिलेंगे कि झारखंड का पूरा कर्ज उतर जायेगा। नायक ने आगे कहा कि झारखंड में नौकरशाह और नेताओं ने लूट मचायी है, जिससे झारखंड का नाम राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कलंकित होने का काम हो रहा है। इससे पूर्व भी आइएएस पूजा सिंघल के यहां करीब 19 करोड़ रुपया नगद पकड़ा गया था।

### भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड के प्रांत मंत्री बनाये गये डॉ सुबास साहू



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय अधिकारियों के बैठक में भारतीय शिक्षण मंडल के झारखंड प्रांत का नूतन कार्यकारिणी मंडल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय संगठन मंत्री शंकरानंद, अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह, अखिल भारतीय राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री हिमांशु वर्मा की उपस्थिति में झारखंड प्रांत कार्यकारिणी मंडल की घोषणा हुई। इसमें झारखंड प्रांत अध्यक्ष का दायित्व पुनः डॉ रणजीत मिश्रा को व डॉ सुबास साहू जो प्रांतीय विश्वविद्यालय इकाई प्रमुख को , झारखंड प्रांत मंत्री का दायित्व दिया गया। बता दें कि डॉ सुबास साहू रांची विश्वविद्यालय के एसएस मेमोरियल कॉलेज के नागपुरी के असिस्टेंट प्रोफेसर (स.) हैं। साथ ही डॉ सुबास साहू समाज सेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से बढ़ चढ़ कर हमेशा से ही हिस्सा लेते रहे हैं इनके सेवा भावी कार्यों के चलते इनको कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।

### नमन (एआइआर 259) के साथ टॉपर




रांची (आजाद सिपाही)। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2024 मे अपनी सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में नमन ने एआइआर 259 हासिल किया एवं टॉपर बने। अन्य क्वालीफायर में अभ्युदय तुलस्यान (एआइआर 1583), स्तुति अनवी (एआइआर 2717), सौम्या रंजन (एआइआर 5922), सृष्टि जैन (एआइआर 7894) और सौभाग्य राठी (एआइआर 18387) शामिल है। डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


### आरयू अंतर महाविद्यालय तीन दिवसीय युवा महोत्सव 29 जनवरी से

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति 2023 -24 की बैठक कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन जनवरी 2024 के द्वितीय सप्ताह तक संपन्न कर परिणाम विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायेंगे। अंतर महाविद्यालय तीन दिवसीय युवा महोत्सव के तिथि पर विचारोपरांत 29, 30 और 31 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर (मोरहाबादी) में कराने का निर्णय लिया गया जिसके लिए एक कोर कमेटी गठन किया गया। इसके साथ ही अन्य संस्कृति एवं कला से संबंधित कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय विभागों एवं महाविद्यालयों को अधिकृत किया गया। इस बैठक में प्रो सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव, विनोद नारायण, डॉ. प्रकाश कुमार झा, डॉ . ज्योति प्रकाश, डॉ स्मृति सिंह डॉ प्रीतम कुमार, अजय लकड़ा, एवं प्रधानाचार्य मारवाड़ी महाविद्यालय डॉ. मनोज कुमार, निर्मला महाविद्यालय, गोसनर महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय डॉ. सुप्रिया, डोरंडा महाविद्यालय. डॉ बीपी वर्म सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रांची से अयोध्या स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाना जरूरी : अरुण जोशी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची से अयोध्या स्पेशल ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता को जरूरी बताते हुए जेडआरयूसीसी के सदस्य अरुण जोशी ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह है जिसमें शामिल होने के लिए झारखंड समेत देशभर से लाखों की संख्या में राम भक्त अयोध्या जाने के लिए योजना बना रहे हैं। मंदिर के उद्घाटन की तैयारी लगभग पूर्ण होने की सूचना से राजधानी रांची और आसपास की एक बहुत बडी आबादी रामलला के दर्शन के लिए आतुर है किंतु चिंतनीय है कि वर्तमान में रांची से अयोध्या की सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण श्रद्धालु परेशान हैं। ऐसे में आवश्यक है कि भारतीय रेलवे द्वारा रांची से अयोध्या वाया लोहरदगा (गोमती नगर/लखनउ) के लिए एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन प्रारंभ करने की पहल की जाय। इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

### शोकसभा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के संगठन सचिव भावेश चंद्र के आकस्मिक निधन पर समिति के कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा की अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने की। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गौरतलब है कि दिवंगत भावेश चंद्रा नेपाल हाउस स्थित एनआइसी में सिक्यूरिटी एडमिन के पद पर कार्यरत थे। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि भावेश चंद्रा बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ और कर्मठ युवा थे। भावेश चंद्र अपने पीछे बहुत बड़ा परिवार छोड़ के ग;२ हैं, ये बाबा विद्यापति स्मारक समिति परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। शोकसभा में जयंत झा, मृत्युंजय झा, प्रफुल मिश्रा, संतोष मिश्रा, जय शंकर दुबे, डॉ पंकज राय, रमेश भारती, विमल कच्छप, अनूप गुप्ता, जय बक्शी आदि लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## डीएसडब्ल्यूओ लाभ नहीं देने के आरोप में निलंबित

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) गोड्डा अनीशा कुजूर को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की कुछ लाभार्थी बालिकाओं द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष शिकायत की गयी थी कि उन्हें उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया था और इसकी जांच का आदेश दिया था। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत राज्य की योग्य किशोरियों के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विवाह उन्मूलन, स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सरकार का मानना है कि योजना की लाभार्थी बालिकाओं को समय पर योजना का लाभ नहीं पहुंचाना जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा द्वारा अपने दायित्व के प्रति लापरवाही और पूर्व में दिये गये सरकारी निर्देशों का उल्लंघन और उदासीनता को दर्शाता है। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस संबंध में महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में कुजूर का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय दुमका रहेगा।

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बोले

# विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गये विकसित भारत कार्यक्रम से झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राजभवन में शिक्षाविदों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री निरंतर प्रयासरत हैं कि इस देश का प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से समृद्ध हो।

**भारत को विश्वगुरु के रूप में देखना चाहते हैं:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित भारत @2047 का लक्ष्य देश के प्रत्येक क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, कृषि, उद्योग, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास है। हम भारत को फिर विश्व गुरु के रूप में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है और विकास की इस परिभाषा को गढ़ने में हमारे शैक्षणिक संस्थानों को आगे बढ़ कर योगदान करना होगा तथा विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना होगा।



**प्राकृतिक संसाधनों का समुचित लाभ आप तक पहुंचना जरूरी**
झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विश्वविद्यालयों में स्वच्छ वातावरण की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के बाद भी यथोचित विकास नहीं हो पाता है, क्योंकि वहां पर सही मायने में प्रेरक अपनी भूमिका नहीं निभा पाते हैं। आज प्रधानमंत्री सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं और इस कारण संसाधनों का सही उपयोग हो पा रहा है और देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि झारखंड विकसित तभी होगा, जब यहां के लोग विकसित होंगे और यहां के लोग तभी विकसित होंगे, जब प्राकृतिक संसाधनों का समुचित लाभ उन तक पहुंच पायेगा।

कार्यशाला में ये थे मौजूद

इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में आइआईएम रांची के निदेशक डॉ दीपक श्रीवास्तव, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति प्रो डीके सिन्हा, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, संकायाध्यक्ष, वानिकी, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय डॉ एमएस मलिक, प्राचार्य, रांची महिला महाविद्यालय डॉ सुप्रिया, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमण कुमार झा आदि समेत कई शिक्षाविदों ने विकसित भारत @2047 पर अपने विचार प्रकट किये।

# त्रेतायुग से भी भव्य दीपोत्सव होगा 22 जनवरी 2024 को: वीरेंद्र साहू

**रांची ग्रामीण के सभी प्रखंडों की समन्वय बैठक में दिया गया अयोध्या का पूजित अक्षत**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद रांची ग्रामीण की समन्वय बैठक रातू स्थित आदिवासी बाल विकास विद्यालय में संपन्न हुई। बैठक के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने कहा कि भगवान श्रीराम सनातन हिंदू समाज के आदर्श रहे हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर जीनेवाले हिंदू समाज आज अयोध्या में भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी के बन रहे मंदिर से उत्साहित हैं। समापन सत्र के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा क त्रेतायुग में भगवान श्रीराम 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या की पुण्यभूमि पर आये थे, परंतु कलयुग में 496 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भगवान श्रीरामलला को अपना भव्य, दिव्य और अलौकिक निवास मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची जिला सहित संपूर्ण झारखंड में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर जाकर अयोध्या से पूजित अक्षत और श्री रामजन्मभूमि में बना रहे भव्य मंदिर का चित्र और कार्यक्रम आयोजन निर्देश पत्रक देते हुए निमंत्रित करेंगे।



### 'मैं क्यूं जाऊं अपने शहर का लोकार्पण और पुस्तक चर्चा संपन्न


# दंगे क्षणिक होते हैं, जिस पर आपसी प्रेम भारी पड़ता है: इंदर सिंह नामधरी

**अन्य समुदायों के बीच की दूरी को कम करता है 'मैं क्यूं जाऊं अपने शहर': प्रो सुभाष मिश्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। भरतीय जननाट्य संघ और सेतु प्रकाशनी के बैनर तले बेलवाटिकर स्थित गुरु तेजबहादुर मेमोरियल हॉल में परमजीत सिंह की नयी पुस्तक 'मैं क्यूं जाऊं अपने शहर' हिंदी संस्करण का लोकार्पण और पुस्तक परिचर्चा संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो सुभाष मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदर सिंह नामधारी, प्रो कमलाकांत मिश्रा, सुशीला सिंह और प्रेम भसीन ने किताब का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि प्रो सुभाष मिश्रा ने कहा कि भारत की संस्कृति



विविधता में एकता की रही है। यहां विभन्न मतवाद, पंथवाद, संस्कृति, क्षेत्र और भाषा के लोग निवास करते हैं। यहां अन्य समुदायों के बीच दूरी नहीं थी आपसी प्रेम और भाईचारा था लेकिन, 1984 में हुए दंगों ने समाज में दूरी और नफरत बढ़ा दी थी। जिस दूरी को कम करने का प्रयास किताब ने किया है।

विशिष्ट अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि दंगा क्षणिक होता है। कुछ समय में ही सामान्य स्थिति हो जाती है। दंगा कितना ही बड़ा क्यों न हो आपसी प्रेम और भाई चारा हमेशा भारी पड़ता है। 1984 के दंगे में मेरा परिवार भी डर गया था क्योंकि मैंने अपने ससुर को खोया था। लेकिन मैंने परिवार वालों का आत्मविश्वास जताया और शहर नहीं छोड़ा। लेखक ने एक दंगे देखे हैं मैंने दो दंगों (भारत और पाकिस्तान विभाजन और सिख दंगा) को जिया हूं। मैंने जनप्रतिनिधि के रूप में जाति धर्म से हटकर मानवता की एक लंबी लकीर खिंची है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो कमलाकांत मिश्रा, संचालन राज मोहन और धन्यवाद ज्ञापन प्रेम भसीन ने किया।

# विस का शीतकालीन सत्र 15 से

**सदन में मुख्यमंत्री के विभागों का जवाब देने सात मंत्रियों को मिला जिम्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। 21 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में पांच कार्य दिवस होंगे। सरकार ने विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के प्रसंगाधीन विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक, संकल्प आदि सभी प्रकार के विधायी सूचनाओं के उत्तर देने के लिए सात कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है जो उनके विभागों से संबंधित प्रश्नों का सदन में उत्तर देंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**ये मंत्री देंगे जवाब**

आलमगीर आलम: गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रिमंडल निर्वाचन, कार्मिक विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, विधि विभाग। चंपाई सोरेन: वन, पर्यावरण और जलवायू परिवर्तन विभाग। जोबा मांझी: राजस्व निबंधन और भूमि सुधार, निबंधन को छोड़कर, आईटी विभाग। बादल: खान और भूतत्व विभाग, पथ निर्माण, भवन निर्माण विभाग। मिथिलेश कुमार ठाकुर: जल संसाधन, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, सूचना और जनसंपर्क, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग। सत्यानंद भोक्ता: नगर विकास और आवास विभाग। बन्ना गुप्ता: उर्जा विभाग।

## सीसीएल का ऐतिहासिक प्रदर्शन, सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया


रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक के इतिहास का सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना में 25 दिन पहले ही टीम सीसीएल द्वारा इस उपलब्धि को प्राप्त किया गया। कंपनी द्वारा ओबीआर, कोयला प्रेषण तथा उत्पादन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है। बता दें कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कंपनी को 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे संसाधनों का समुचित उपयोग ,बेहतर तकनीकी क्षमता तथा टीम समन्वय के बदौलत टीम सीसीएल सफलतापूर्वक प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में भी 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त किया था। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व में कंपनी दिनानुदिन सफलता की नयी ऊंचाइयों को छू रही है। इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए डॉ रेड्डी ने कहा कि यह प्रत्येक कर्मी के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कंपनी निश्चित रूप से इस वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देगी।

## बेहतर नर्सिंग सेवाओं के लिए मेडिका अस्पताल को एनएबीएच की मान्यता



रांची (आजाद सिपाही)। नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) ने भगवान महाबीर मेडिका सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल का मूल्यांकन किया है और पाया है कि यह नर्सिंग उत्कृष्टता के लिए एनएबीएच मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन करता है। मेडिका अस्पताल पूर्वी भारत में एकमात्र अस्पताल है जिसके पास उसकी सेवाओं के लिए एनएबीएच मान्यता, आपातकालीन स्थिति के लिए एनएबीएच प्रमाणन और एनएबीएच नर्सिंग उत्कृष्टता है। मेडिका अस्पताल रांची के एवीपी अनिल कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारे अस्पताल के असाधारण नर्सिंग स्टाफ, उनके कौशल और व्यापक रोगी कल्याण के प्रति उनके योगदान के लिए एक प्रमाण है। यह प्रमाणीकरण हमें एक रूपरेखा प्रदान करता है जिसका उपयोग हम अपनी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, अपने वर्कफ़्लो को परिष्कृत करने और बेहतर निर्णय लेने में अपनी नर्सों का मार्गदर्शन करने के लिए कर सकते हैं। यह हमारी नर्सिंग सेवाओं के समर्पण के तहत हमारी शानदार नर्सिंग प्रबंधन टीम के संयुक्त प्रयास और विकास मानसिकता से संभव हुआ।

# रांची जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह का निधन, शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन, एचइसी श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह का सोमवार की सुबह 10:00 बजे पटना के मेदांता स्थित अस्पताल में निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि वह शादी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची से पटना गये थे। वहीं उनका अपेंडिक्स फट गया था। 29 नवंबर को एक ऑपरेशन हुआ था, दूसरा ऑपरेशन 10 दिसंबर को किया गया था। इसके बावजूद उनकी तबीयत बिगड़ी हुई थी और सोमवार की सुबह 10 से 11 बजे के बीच में उनका निधन हो गया। लगभग 55 वर्ष के कृष्ण मोहन सिंह के निधन से परिजनों में काफी शोक है। झारखंड प्रदेश बस एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह और समस्त बस एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके निधन पर शोक जताया है। सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि उनका आकस्मिक रूप से जाना भारी नुकसान है। हर संघर्ष में हम लोग एक साथ खड़े रहे। कृष्ण मोहन सिंह का पार्थिव शरीर पटना से रांची लाया जा रहा है।

### शशिभूषण राय ने शोक व्यक्त किया



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय ने कृष्ण मोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि कृष्ण मोहन सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में भी काफी सक्रिय थे और दूसरों की मदद के लिए आगे रहते थे। उनका जाना अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाया है और ईश्वर से प्रार्थना की कि परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।

### प्रतुल ने जताया शोक



रांची। एचईसी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के महामंत्री और चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण मोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शोक व्यक्त किया। प्रतुल ने कहा कि कृष्ण मोहन सिंह अपने जीवन काल के अंतिम समय तक समाज सेवा से जुड़े रहें। वे न सिर्फ एक सफल व्यवसायी थे बल्कि श्रमिकों के हित में हमेशा अपनी आवाज बुलंद किया करते थे। प्रतुल ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की।

# नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म केस: पुलिस ने की आरोपियों की पहचान, छापेमारी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दोस्त से मिलने खूंटी से रांची आयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान पुलिस ने कर ली है। पुलिस सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह मामला जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र का है, जहां आरोपियों ने एक नाबालिग का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गये और रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के संबंध में तुपुदाना ओपी पुलिस को रविवार को जानकारी मिली। नाबालिग का पुलिस ने मेडिकल कराया है और उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मतदाता सूची बनाने में मांगा सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने न केवल सभी राजनीतिक दलों से अब तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभागीय स्तर से किये जा रहे प्रयासों के बारे में फीडबैक लिया बल्कि इस अभियान में आगे भी उनके सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने सभी से अपील की कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में चुनाव आयोग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है, लेकिन इस जरूरी काम में सभी आम और खास के सहयोग की भी जरूरत है।

कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से छूटने न पाये, इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों को भी अपने-अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चला कर आयोग की मदद करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी बनने से कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए, इसको लेकर वे भी यथासंभव सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार हैं। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील आदि भी मौजूद थे।

# 20 और 21 जनवरी को मनाया जायेगा प्रकाश पर्व

**5 जनवरी से निकाली जायेगी प्रभातफेरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में दशम पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व को लेकर सोमवार को सुबह 9 बजे एक बैठक बुलायी गयी। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रकाश पर्व से संबंधित सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी गयी और इसे अंतिम रूप दिया गया। श्री गुरु



गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 5 जनवरी से 13 जनवरी तक कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड गुरुद्वारा से रोजाना सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जायेगी। प्रकाश पर्व 20 एवं 21 जनवरी को मनाया जायेगा। इस उपलक्ष में तीन विशेष दीवान सजाये जायेंगे। 20 तारीख को सुबह आठ से साढ़े दस एवं रात को आठ से साढ़े 11 तथा 21 तारीख को सुबह दस से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जायेगा। इन दीवानों में सिख पंथ के विख्यात रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह जी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

बैठक में तय हुआ कि 16 दिसंबर को श्री गुरु तेग बहादुरजी का शहीदी गुरुपर्व मनाया जायेगा। इस उपलक्ष में रात आठ बजे से साढ़े 11 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा, जिसमें सिख पंथ के महान रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह (सोनू वीर) शबद गायन से साध संगत को निहाल करेंगे। हर वर्ष 21 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले शहीदी सप्ताह के तहत सत्संग सभा द्वारा 26, 27 एवं 28 दिसंबर को सुबह नौ से दस तथा रात को नौ से साढ़े दस बजे तक दीवान सजाया जायेगा, जिसमें भाई गुरबक्श शान कथा एवं कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। रात को आयोजित तीनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि नव वर्ष की खुशी में 1 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा, जिसमें रागी जत्था भाई प्रिंस पाल जी, पटियाला वाले शबद गायन करेंगे तथा सिंह साहिब ज्ञानी मान सिंह (हेड ग्रंथी,श्री दरबार साहिब,अमृतसर) कथा वाचन से साथ संगत को निहाल करेंगे। बैठक का संचालन सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने किया। बैठक में सुंदर दास मिढ़ा, भगवान सिंह बेदी, हरगोविंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, सुरेश मिढ़ा, अशोक गेरा, मोहन काठपाल, वेद प्रकाश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, विनोद सुखीजा, अनूप गिरधर, हरीश, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, बसंत, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, नीरज, अश्विनी सुखीजा, चरणजीत, पवनजीत, राकेश समेत अन्य शामिल हुए।

## सत्या माइक्रो कैपिटल ने विजयलक्ष्मी दास 2024 उद्यमिता पुरस्कार का चौथा संस्करण लांच किया

रांची। सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड की स्थापना के सात वर्ष पूर्ण होने के मौके पर, संस्थान ने विजयलक्ष्मी दास उद्यमिता पुरस्कार 2024 का चौथा संस्करण लांच किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार, देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी सीमाओं में रहने वाली महिला उद्यमियों की अविश्वसनीय उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। समारोह के दौरान, विवेक तिवारी (एमडी, सीआइओ और सीइओ - सत्या माइक्रो कैपिटल) ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा, सत्या ने पिछले तीन वर्षों से विजयलक्ष्मी दास उद्यमिता पुरस्कार के द्वारा महिला उद्यमियों की उपलब्धियों और उनकी प्रतिभा को पहचान कर, उन्हें पुरस्कृत किया है। देश भर में कम से कम तीन वर्षों से किसी भी आर्थिक गतिविधि में लगी महिला उद्यमी इस पुरस्कार के लिए अपना आवेदन भेज सकती हैं। इस पुरस्कार से संबंधित, जानकारी और आवेदन के लिए, सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को नकद पुरस्कार, मार्गदर्शन और अन्य प्रशंसनीय पत्र, पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जायेंगे। विजेताओं की घोषणा एक पुरस्कार समारोह में की जायेगी, जो कि फरवरी 2024 में आयोजित किया जायेगा।

# सियासी लाभ की मंशा

तृणमूल कांग्रेस पार्टी की नेता महुआ मोइत्रा का संसद से निष्कासन एक बड़ी घटना है। बेशक उन पर लगे आरोप गंभीर हैं, लेकिन आरोप-प्रत्यारोप से अलग हट कर देखें तो कई और वजहें भी हैं, जिनसे यह घटना राजनीति के साथ-साथ सामाजिक परिवेश को भी लंबे समय तक उद्वेलित करती रहेगी। महुआ मोइत्रा पर न केवल निजी फायदे लेकर संसद में सवाल पूछने का, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को दांव पर लगाने का भी आरोप है। कैश का लेन-देन अभी स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन मेकअप के सामान गिफ्ट के रूप में लेने की पुष्टि खुद मोइत्रा कर चुकी हैं। ऐसे ही लोकसभा की वेबसाइट के लॉगइन और पासवर्ड शेयर करने की बात भी वह मान चुकी हैं। इतने गंभीर आरोपों को आंशिक रूप से ही सही, लेकिन कबूल कर लेने के बाद स्वाभाविक यही होता कि महुआ मोइत्रा और उनकी तरफदारी कर रहे लोग बचाव की मुद्रा में दिखायी देते, लेकिन न सिर्फ महुआ और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस, बल्कि समूचा विपक्ष उनके साथ आक्रामक मुद्रा में खड़ा दिख रहा है। कारण शायद यह है कि महुआ पर लगे आरोपों के पीछे वे लोग हैं, जिनके पास उनसे नाराजगी की वजहें पहले से रही हैं। यह प्रकरण इस लिहाज से भी खास है कि इसमें आरोपों से जुड़े तथ्यों को लेकर अभियोजन और बचाव पक्ष के स्टैंड में ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों पक्ष उन तथ्यों पर सहमत हैं, फिर भी एक पक्ष उसे गंभीर अपराध बता रहा है और दूसरा उसे अपराध मानने से इनकार कर रहा है। जाहिर है, सजा दिये जाने के बाद भी इस मामले पर बहस नहीं खत्म होने वाली। राजनीति में आने से पहले भी महुआ मोइत्रा का शानदार करियर रहा है। वह अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने के लिए जानी जाती रही हैं। इस विवाद के साथ भी उनकी पर्सनल लाइफ के कुछ पहलू जोड़े गये, जिन्हें लेकर महुआ कतई डिफेंसिव नहीं रहीं। ऐसे में महिलाओं और लड़कियों का एक हिस्सा इस प्रकरण को इस रूप में भी देख सकता है कि क्या देश की मौजूदा राजनीति का पुरुषवादी स्वरूप एक मुखर और आजाद ख्याल महिला को बर्दाश्त नहीं कर पाया? जाहिर है इस प्रकरण से उपजे सारे सवालों के जवाब तत्काल नहीं मिलने वाले। कुछ जवाबों के लिए इंतजार करना होगा, लेकिन इतना तय है कि यह प्रकरण लंबे समय तक एक मिसाल के रूप में नागरिकों के अलग-अलग समूहों की याददाश्त में अलग-अलग वजहों से गूंजता रहेगा। फिलहाल तो इसने हालिया चुनावों में हार के बाद विपक्ष को एकजुट होने का एक मौका मुहैया कराया है। यह भी लग रहा है कि महुआ की पार्टी टीएमसी और विपक्ष इसे राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश जरूर करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें इसमें कामयाबी मिलती है या नहीं।

**राजनीति में आने से पहले भी महुआ मोइत्रा का शानदार करियर रहा है। वह अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने के लिए जानी जाती रही हैं। इस विवाद के साथ भी उनकी पर्सनल लाइफ के कुछ पहलू जोड़े गये, जिन्हें लेकर महुआ कतई डिफेंसिव नहीं रहीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नमो ड्रोन दीदी, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान घोषित एक पहल है, का उद्देश्य कृषिगत प्रयोजनों के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने हेतु 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करना है। यह ग्रामीण समृद्धि के एक नये युग की शुरुआत करने की दिशा में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु तकनीकी नवाचार का उपयोग करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।**

# नमो ड्रोन दीदी : महिला सशक्तिकरण की प्रगति से प्रशस्त होता ग्रामीण समृद्धि का मार्ग



**डॉ मनसुख मांडविया**

इसमें कोई संदेह नहीं कि महिला सशक्तिकरण एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण की कुंजी है। यह सशक्तिकरण तब और अधिक उद्देश्यपूर्ण हो जाता है, जब महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध होती हैं और ग्रामीण समृद्धि में योगदान देती हैं। नमो ड्रोन दीदी, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान घोषित एक पहल है, का उद्देश्य कृषिगत प्रयोजनों के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने हेतु 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करना है। यह ग्रामीण समृद्धि के एक नये युग की शुरुआत करने की दिशा में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु तकनीकी नवाचार का उपयोग करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह बहुआयामी योजना हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और ग्रामीण महिलाओं के हाथों में अत्याधुनिक तकनीक देकर कृषि उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से पूरा करती है। यह पहल महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केंद्र बिंदु बनाती है और नयी कृषि क्रांति को प्रेरित करती है। यह योजना देश के युवा, जीवंत, सक्रिय एवं उत्साही स्टार्टअपों को असीम संभावनाओं वाले ड्रोन एयरोनॉटिक्स के उभरते क्षेत्र में प्रवेश करने के नए अवसर प्रदान करती है।

**किसान ड्रोन की आवश्यकता ने युवा स्टार्टअप के लिए अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसरों की नयी श्रृंखला प्रस्तुत की है।**

पौधे की पत्तियों पर अनुप्रयोग योग्य नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के आगमन ने कुशल फर्टिगेशन विधि के विकास की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। यह प्रधानमंत्री ही थे, जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिला पायलटों के हाथों में ड्रोन तकनीक देने के ऐसे शानदार विचार की परिकल्पना की।

भले ही भारत उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन गैस, फॉस्फेटिक और पोटाश खनिज आदि जैसे प्राकृतिक संसाधनों की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण यह उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक भी है। आयात पर इस निर्भरता को दूर करने हेतु सरकार ने कई बंद पड़े उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार की सुविधा प्रदान की है और आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत नये उर्वरक संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया है। इन कदमों ने भारतीय किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों की अस्थिर कीमतों से सफलतापूर्वक बचाया है। उर्वरक सब्सिडी के जरिए सरकार यह सुनिश्चित करने में समर्थ रही है कि किसानों को सही समय पर सही कीमत पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो।

कोविड महामारी और हाल की वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति ने कुछ कठिनतम चुनौतियां प्रस्तुत कीं, जब दुनिया भर में उर्वरकों की कीमतें बेतहाशा बढ़ गयीं। हमने इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का निर्णय लिया। सरकार ने वैकल्पिक उर्वरकों के विकास के लिए स्वदेशी अनुसंधान को प्रोत्साहित किया, जिसकी परिणति तरल नवोन्मेषी नैनो उर्वरकों में हुई। इस नये आविष्कार की अगली चुनौती उर्वरकों के छिड़काव की कुशल प्रणाली विकसित करना था, इसका समाधान इस उभरती ड्रोन तकनीक ने प्रस्तुत किया।

किसान-ड्रोन के उद्भव ने कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने की अपार संभावनाएं प्रस्तुत की हैं। पंप को हाथ में पकड़ कर कीटनाशकों और तरल उर्वरकों का छिड़काव करने की पारंपरिक प्रणाली न केवल समय की अधिक खपत वाली और बोझिल होती हैं, बल्कि खेतों में जहरीले सरीसृपों और छिपे हुए जंगली जानवरों जैसे अनेक खतरों से भरपूर भी होती हैं। कृषि ड्रोन के माध्यम से छिड़काव प्रणाली का स्वचालन समय की बचत और कुशल अनुप्रयोग प्रणाली प्रदान करता है। किसान ड्रोन की आवश्यकता ने युवा स्टार्टअप के लिए अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसरों की नयी श्रृंखला प्रस्तुत की है।



**नमो ड्रोन दीदी निश्चित रूप से आमूल-चूल बदलाव लाने वाली साबित होगी। यह योजना महिला सशक्तिकरण के एक नये अध्याय का सूत्रपात करेगी और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों और ग्रामीण समृद्धि के केंद्र में रहने का अवसर प्रदान करके कई मुद्दों का प्रभावी ढंग से समाधान करेगी।**

ड्रोन निर्माण की गतिविधि ने देश के युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसरों का सृजन किया है। इसके अलावा, यह नया क्षेत्र ग्रामीण महिला पायलटों, मैकेनिकों और स्पेयर पार्ट डीलरों के लिए भी अवसरों का सृजन करेगा।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि 'विकसित भारत' की अवधारणा प्राप्त करने के लिए महिला सशक्तिकरण पूर्व शर्त है। नमो ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के लिए काम के नये अवसर प्रदान करती है, ताकि उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बनाया जा सके। यह हमारी कृषि पारिवारिक संस्कृति को अधिक न्यायसंगत और मजबूत बनाने में पर्याप्त मदद करेगा। महिला ड्रोन पायलट कृषि उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के छिड़काव से न केवल किसानों को शारीरिक मेहनत और कठिनाई से राहत मिलेगी, बल्कि इसकी गति भी त्वरित होगी और कीमती समय की भी बचत होगी, जिसका उपयोग अधिक उत्पादक कार्यों के लिए किया जा सकता है।

नमो ड्रोन दीदी निश्चित रूप से आमूल-चूल बदलाव लाने वाली साबित होगी। यह योजना महिला सशक्तिकरण के एक नये अध्याय का सूत्रपात करेगी और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों और ग्रामीण समृद्धि के केंद्र में रहने का अवसर प्रदान करके कई मुद्दों का प्रभावी ढंग से समाधान करेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एक छत के नीचे कृषि सेवाएं प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्रों के नवनिर्मित नेटवर्क द्वारा समर्थित यह योजना, हमारे जैसे बड़े पैमाने पर कृषि प्रधान देश में आधुनिक कृषि क्रांति और समृद्धि का अग्रदूत साबित होगी।

**(लेखक : केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ की प्रदेश समिति की बैठक

# गृहरक्षकों की नयी बहाली प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रांची मैं गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश समिति का एक बैठक वेंडर मार्केट के तीसरा तल्ले में आयोजित की गयी। प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार तिरिया के नेतृत के आयोजित बैठक का संचालन वरुण कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित जिला और राज्य के संघ निधिया ने अपने अपने विचार रखा। बैठक में प्रदेश महासचिव द्वारकानाथ दुबे ने कहा झारखंड में सरकार के द्वारा ही बनाये गये नियमों का पालन राज्य में सुचारू रूप से नहीं हो पता है। यह एक विचित्र विडंबना है। जिसका भुगतान राज्य के गृहरक्षों को करना पड़ता है। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा ही राज्य के गृहरक्षों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष कर दिया गया है। लेकिन नियमावली 2014 का हवाला देकर गृहरकक्षों की छटनी कर उन गृहरकक्षों का पुनः नामांकन नहीं कर राज्य के कई जिले में गृहरकक्षों की नई बहाली की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया जा रहा है। इस पर सरकार को घ्यान आकृष्ट करने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड सरकार से बहाली पर अभिलंब रोक लगाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा राज्य सरकार का ही आदेश है राज्य के गृहरक्षों को अधिक से अधिक ड्यूटी प्राप्त हो। लेकिन इस आदेश का अनुपाल भी राज्य में नहीं हो पा रहा है। राज्य के कई जिले ऐसे हैं जहां गृहरकक्षों की संख्या अधिक है और ड्यूटी बहुत कम है। जिससे सभी गृहरकक्षों को रोटेश के नियमानुसार भी सामान्य रूप से ड्यूटी नहीं मिल पाती है। इन कारणों के वजह से गृहरक्षक पदाधिकारी वर्ग से क्षुबध रहते हैं। परिणाम स्वरूप शिकवा शिकायत का सिलसिला जारी रहता है। वही प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा ने कहा वर्ष 2017 में समान काम का समान वेतन को लेकर डब्लूपीएस केस नंबर 582/ 2017 में माननीय उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गयी थी। माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा बीते 25 अगस्त 2017 में न्यायादेश पारित किया गया था। इस न्यायादेश के विरुद्ध सरकार द्वारा एलपीए दाखिल किया गया। इस याचिका में 12 जनवरी 2023 को पुनः न्यायादेश आदेश पारित किया गया। आदेश के विरुद्ध में सरकार सुप्रीम कोर्ट एसएलपी में चली गयी। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा भी याचिका को खारिज करते हुए दिनांक 22.9.2023 को न्यायादेश पारित किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन मैं भी टाल मटोल की नीति अपनायी जा रही है। उन्होंने कहा यह सरासर कोर्ट के द्वारा दिए गए निर्णय की अवहेलना है। इस आदेश को लागू करने की मांग को लेकर चारों याचिका व हस्ताक्षर युक्त पत्र मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्र निबंध के माध्यम से 8 नवंबर 2023 को प्रेषित किया गया है। जिसकी प्रतिलिपि मुख्य सचिव, प्रधान गृह सचिव, झारखंड महासमादेष्टा गृहरक्षा वाहिनी मुख्यालय रांची, जिलके के डीसी, जिला समादेष्टा गृहरक्षा वाहिनी पूर्वी सिंहभूम को समर्पित कर इसको लागु करवाने की मांग की गयी है। बैठक के दौरान केंद्रीय कमेटी में रिक्त पदों पर चार महिलाओं गृहरक्षीका को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यगणों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा की समाप्ति के लिए घोषणा की गयी।

# गार्डवाल की जानकारी न तो आरसीडी को है ,न ही जेआरडीसीएल को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** टाटा- कांड्रा रोड पर एमपी टॉवर से लेकर आर टाइप के समीप से हटाये गये गार्डवाल की जानकारी न तो आरसीडी को है न ही जेआरडीसीएल को। पूछे जाने पर आरसीडी के अधिकारी गणेश हेम्ब्रम ने बताया यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। इसकी जवाबदेही जेआरडीसीएल की है। वहीं जेआरडीसीएल के प्रोजेक्टेड डायरेक्टर रजनीश ने बताया उनके जिम्मे सड़क के मेंटेनेंस का काम है। सड़क के स्ट्रक्चर से छेड़छाड़ बगैर आरसीडी के अनुमति के नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सवाल उठता है क्या आरसीडी ने गार्डवाल हटाने की अनुमति दी है। लेकिन आरसीडी के अधिकारी ने ऐसे किसी भी अनुमति की बात को सिरे से खारिज करते है, मतलब साफ है। उक्त मार्ग से नियम- कानूनों को ताक पर रखकर रसूखदारों द्वारा गार्डवाल को रातोंरात हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि जिन दो जगहों से गार्डवाल हटाया गया है वहां एक बड़े सफेदपोश के जमीन पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जबकि उक्त स्थल से पांच सौ मीटर दूर एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का मार्केट कॉम्प्लेक्स और एक ओयो होटल संचालित होता है। सूत्रों की मानें तो आए दिन हो रहे सड़क हादसे से सबक लेने व उसे रोकथाम के बजाए जेआरडीसीएल और आरसीडी डिपार्टमेंट के मिलीभगत से नियम-कानूनों को ताक पर रखकर गार्डवाल को हटाया गया है। यहां बताना जरूरी है टाटा- कांड्रा मुख्य सड़क पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रहे हैं। सड़क के दोनों तरफ बने सर्विस रोड का लगभग अतिक्रमण हो चुका है। मुख्य सड़क पर अवैध पार्किंग से अबतक सैकड़ों हादसे हो चुके हैं। सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में सड़क हादसों को रोकने की कई रणनीति बनाये जाते हैं। लेकिन वे कागजों तक सीमित होकर रह जाते हैं।

# श्रेया ने रांची में लहराया परचम, महिला फिजिक में सिल्वर मेडल पर जमाया कब्जा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा रविवार को रांची के सहजानंद चौक बसंत बिहार के पास स्वागतम बैंकट हॉल मे राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। रांची के लाइफ लाइन फिटनेस जीम के निदेशक प्रियंका सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित झारखंड ओपन क्लासिक चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें जमशेदपुर के एक पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने महिला फिजिक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

**झारखंड की श्रेया ने दो बार नेशनल और दो बार रीजनल में कई पुरस्कार जीत चुकी है श्रेया:** जमशेदपुर के वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत अधरजी की इकलौती संतान श्रेया ने इससे पूर्व वर्ष 2021 में डब्ल्यूएफएफ द्वारा रांची में आयोजित प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल की थी। वहीं 2022 में आसाम के सिक्किम में आयोजित डब्ल्यूएफएफ के नेशनल प्रतियोगिता में पांचवा स्थान हासिल की। पुनः श्रेया ने वर्ष 2022 में ही ओडिशा के पुरी में आयोजित दसवीं नेशनल बॉडी बिल्डिंग और मॉडल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त की। इस उपलब्धि से आजाद सिपाही के पत्रकार की बेटी श्रेया ने लौहनगरी जमशेदपुर सहित कोल्हान के पत्रकारों का नाम ऊंचा किया। श्रेया ने बताया वे कोरोना महामारी का प्रकोक कम होने के बाद से जिम जाना शुरू की थी। फिलहाल श्रेया का इंस्टाग्राम में 43.3 के वीवर्स है।

# आदित्यपुर कांड्रा मुख्य मार्ग के किनारे नो पार्किंग पर खड़े वाहनों पर कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर कांड्रा मुख्य मार्ग के किनारे नो पार्किंग जोन में खड़ी बड़ी वाहनों पर जिला प्रशासन में कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को नो पार्किंग जोन में खड़ी बड़ी वाहनों का जुर्माना एमवीआई एक्ट के तहत वसूला गया। अभियान का मुख्य सरकारी राजस्व को बढ़ाना व सड़क पर हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाना है। जिले के यातायात थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया बड़े वाहन कांड्रा-सरायकेला मार्ग में वैसे जगहों पर पार्किंग कर रखते है ।जहा बस स्टॉपेज के लिए चिन्हित है। चालक यात्री शेड के जगह को कब्जा कर वाहनों की पार्किंग कर रखी थी। ऐसे 45 बड़ी वाहनों के विरूद्ध ट्रैफिक पुलिस के द्वार जुर्माना वसुल कर कार्रवाई की गयी। अमलगम स्टील कंपनी के सामान लेकर आये वाहन बस स्टॉपेज को कब्जा कर रखा था। उधर नो पार्किंग पर खड़ी बड़ी वाहनों के कारण सड़क हादसे की संभावना है बनी रहती है। वही ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई को देख सभी खड़े वाहन के ड्राइवर इधर-उधर अपने गाड़ियों को लेकर भागने लगे। वैसे कंपनी प्रबंधन को पहले से ही हिदायत दी गई है वे अपने यहां माल लेकर आने वाले वाहनों को मुख्य मार्ग पर खड़ी करने से रोकें। अन्यथा उनके विरूद्ध भी कार्रवाई हो सकती है। जिससे कंपनी प्रबंधन में असमंजस की स्थिति रही। फिलहाल यातायात थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कंपनियों को रिमाइंडर नोटिस भेजा जा रहा है। उन्हें लगातार कार्रवाई करने की चेतावनी दी जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट का धारा 370 पर निर्णय ऐतिहासिक : दिनेश



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में जम्मू- कश्मीर को देश की उन्नति की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत ऐतिहासिक कार्य हुआ है। यह निर्णय भारतीय संविधान के साथ भारत की एकता व संप्रभुता की जीत है। जो कश्मीर की प्रगति के साथ उसकी अनूठी संस्कृति को भी अक्षुण्ण बनाने के प्रयासों को नई शक्ति देगा। यह निर्णय ने कांग्रेस के काला अध्याय को समाप्त करने का जो प्रयास प्रधानमंत्री ने किया है उसको सही साबित करती है।**

## पूर्व विधायक क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत रारो पंचायत के मदरसा ग्राउंड के मैदान में आरपीएल प्रीमियर लीग रारो क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक आनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से फिता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच डंडई बनाम बिसुनिया के बीच खेला गया। जिसमें बिसुनिया की टीम ने डंडई की टीम 38 रनों से आसानी से जीत लिया और मैन ऑफ द मैच बिसुनिया टीम के यसकुमार सिंह को दिया गया। टूर्नामेंट में 16 टीम भाग लेगी। 1 जनवरी को फाइनल मैच खेला जायेगा। पूर्व विधायक आनंत प्रताप देव ने कहा कि खेल का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनन्द देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का निखाड़ बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर नक्छेदीकांत राम, डॉ प्रवेज आलम, सदर इमामुदीन, अख्तर, जमील, एनुदिन, अबरार, अमीर हसन, निरंजन, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश, कहा

# ग्रामीणों को जिला कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों और स्वीकृति पत्र का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत में आयोजित ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम मे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। दीप प्रज्वलित कर मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित जन प्रतिनिधि, पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों के प्रति आभार जताया।

उन्होंने कहा कि ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपकी समस्याओं को आपके घर पर आकर उसका समाधान करना है। सरकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना है। आपको जिला कार्यालय का चक्कर लगाना ना पड़े। इसलिए सरकार ने यह व्यवस्था की है कि हर वर्ष ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम के माध्यम से शिविर का आयोजन कर पंचायत स्तर पर हीं आपकी समस्याओं का निराकरण हो। आपकी सरकार और जिला प्रशासन आपके समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने हेतु दृढसंकल्पित है। इनमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन, बिरसा कूप संवर्धन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी लुंगी वितरण योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, फूलो झानो आशीर्वाद योजना समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का भी लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन की बात करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी 50 हजार रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक 40% अनुदान पर ऋण लेकर अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। झारखंड सरकार ने राज्य की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरूआत की है। इसके तहत कक्षा आठ से 19 साल की उम्र तक छात्राओं को कुल 40 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जायेगी। इससे बाल विवाह पर रोक और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा मिलेगा।

मौके पर मंत्री ने गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं के बीच गोद भरायी और अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। मौके पर कई पदाधिकार, जनप्रतिनिधि और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पढ़े भारत, बढ़े भारत विषय पर विचार गोष्ठी 13 दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड की स्वंय सेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वाधान में 13 दिसंबर दिन बुधवार को पढ़े भारत, बढ़े भारत विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में किया गया है।

संस्था के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महती कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति में बहरागोड़ा जमशेदपुर के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, राष्ट्रपति पदक प्राप्त पूर्व शिक्षक सह प्रशिद्ध साहित्यकार डॉ. रमेश चंचल, ऑक्सब्रिज स्टार इंस्टीट्यूट मेदिनीनगर के डायरेक्टर राहुल चतुर्वेदी, दैनिक प्रभात खबर गढ़वा के व्यूरो चीफ विनोद पाठक, आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा के डायरेक्टर अलखनाथ पांडेय, कर्मठ किसान और समाजसेवी सूर्य देव सिंह और दैनिक भास्कर कांडी के वरिष्ठ पत्रकार प्रिय रंजन सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।



फोटो : कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बैठक करते ग्रामीण

## बाबू दिनेश सिंह विवि में भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में ‘विकसित भारत’ कार्यक्रम का प्रसारण एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन प्रशिक्षुओ और प्राध्यापको को दिखाया गया तथा दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में ‘भारतीय भाषा दिवस’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं की जननी है और भाषायी विभिन्नता भारत की पहचान है। कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे, डीएलएड की शहनाज प्रवीण ने भोजपुरी भाषा में अपना मंतव्य प्रकट किया, शैलेश कुमार तथा परमानंद ने मगही भाषा में अपना विचार प्रकट किया। बीएड की अंजली कुमारी ने भोजपुरी भाषा के बारे में अपना विचार देते हुए गीत प्रस्तुत किया तथा बीएड के एल्बीन लकड़ा ने कुडुख भाषा में गीत प्रस्तुत किया। अन्य प्रशिक्षुओं में रेखा कुमारी, इस्तखार अंसारी, पंकज मेहता, फिरोज अंसारी आदि ने अपनी- अपनी मातृभाषा में अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, ओम प्रकाश, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन आनंद कुमार चौबे ने प्रस्तुत किया। शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर धर दुबे और बीएन सिंह उपस्थित रहे।

## विधायक को ग्रामीणों ने मांग पत्र सौंपा

**विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सभी को आश्वस्त किया कि आपकी सभी मांगे जल्द पूरा होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दौरे पर पहुंचे विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी से मिलकर सरकोनी पंचायत मुखिया और जयनगरा गांव के ग्रामीणों ने मांग पत्र सौंपते हुए निराकरण की मांग किया। सरकोनी मुखिया सुबोध कुमार वर्मा ने अपनी पंचायत की समस्याओं से जुड़ी पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें मोखापी मोड़ से कोवाड़ी महुली गांव होते पतिला नहर सिवाना तक पथ निर्माण, डेमा गांव से मेनरोड तक पथ निर्माण, प्रावि महुली का चहारदीवारी निर्माण, बुनियादी विद्यालय सेमौरा का चहारदीवारी निर्माण की मांगे शामिल है। उधर जयनगरा गांव के ग्रामीणों ने भी विधायक को मांग पत्र सौंपते हुए गांव से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें जयनगरा - बबुरा में बिचला गली का निर्माण कार्य, अधूरा पड़ा खेल मैदान का निर्माण कार्य पूरा करने, मेन रोड से सूर्य मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण कराने, विवादित गढ़ का भूमि का मुक्ति का निराकरण मांगे शामिल है। विधायक ने सभी को आश्वस्त किया कि आपकी सभी मांगे जल्द पूरा होगा।

## लायंस क्लब विशाल ने टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरित किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में फुड फॉर हंगर के तहत आज टीबी मरीजों के बिच पौष्टिक आहार वितरण किया गया। भोजन वितरण करते हुए अध्यक्ष डॉ कमलेश ने बताया कि लायंस विशाल 1986 से मानवता कि सेवा में समर्पित होकर अनेक सेवा कार्य सालों भर करते रहती है। आज उसी के तहत क्लब के द्वारा गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बिच हम सभी ने पौष्टिक आहार का वितरण किया। हमारे क्लब का संकल्प है टीबी मुक्त भारत बनाने में अपना योगदान देते आएं हैं। और लगातार देते रहेंगे। ताकि जल्द से जल्द टीबी मुक्त भारत बने। इसलिए हम सभी लगातार क्लब के सभी पदाधिकारी और सदस्यों के साथ स्वास्थ्य सेवा पर भी बहुत सारे सेवा कार्य लगातार करते रहते हैं। और इसके साथ साथ लोगों को जागरूक भी करते हैं कि आप सभी छोटी छोटी सावधानी बरतकर अपने और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं। आज के फुड फॉर हंगर कार्यक्रम पुराना बस स्टैंड में मुख्य रूप से सेवा दे रहे थे डॉ मुन्नजीर अंसारी, ब्रजमोहन प्रसाद, नंदलाल प्रसाद गुप्ता, गिरिश कमलापुरी और अन्य बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पुलिस द्वारा सोमवार को विशुनपुरा पंचायत भवन के सभागार में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमो की जानकारी दी गयी। पीएसआई अजीत कुमार ने उपस्थित लोगों के बीच ट्रैफिक नियमो के बारे में जानकारी देते हुए कहा की मोटरसाइकिल स्टार्ट करने से पहले हेलमेट लगाना जरूरी है। वहीं कार स्टार्ट करने से पहले सीट बेल्ट लगाना, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गाड़ी नहीं देना तथा 18 वर्ष से कम आयु में गाड़ी नहीं चलाना, गाड़ी स्पीड में नहीं चलाना, स्पीड लिमिट ट्रैफिक सिग्नल को देखकर गाड़ी चलाना है। वहीं मोटरसाइकिल पर ट्रिपल लोडिंग नहीं चलना तथा मोटरसाइकिल पर हमेशा दो लोग को बैठना व दोनों को हेलमेट लगाकर चलना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाना तथा गाड़ी चलाते समय कान में इयरफोन जैसे ध्वनि यंत्र उपयोग नहीं करना आदि जैसे ट्रैफिक नियमों को पालन करने से ही दुर्घटना से बच सकते हैं। मौके पर बिशुनपुरा थाना पीएसआई अजीत कुमार, बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, मनोज यादव, उखमजी यादव, मनोज गुप्ता, प्रवेश, चंदन, राजू शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## करेंट से जंगली जानवर का शिकार करने वाले दो गिरफ्तार, तीन फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खजूरी गांव के जंगल में कई दिनों से जंगली जानवर का शिकार किया जा रहा था। इसकी भनक भंडारिया वन विभाग पदाधिकारी कन्हैया राम को लगी। कन्हैया राम ने एक टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए दो शिकारी को रंगे हाथ पकड़ा है। बीती रात खजूरी गांव निवासी वीरेश टोप्पो और महिपाल तिर्की ने बिजली लाइन की मदद से बिजली तार में लोहा तार फसाकर करेंट की मदद से चरसिंहा( हिरण प्रजाति का जानवर) जानवर मारने में सफल रहा है। इधर पूछने पर भंडारिया वन विभाग के वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम ने बताया है की इस तरह का कार्य करना जघन्य अपराध है। इससे कोईभी जानवर या आदमी बिजली के करंट की चापेट में आकर मर सकता है। इस कांड में पांच आदमी संलिप्त थे। जिसमें तीन आदमी जंगल में भागने मे सफल रहे है जबकि दो की गिरफ्तारी हो चुकि है। फॉरेस्ट गार्ड के द्वारा रात में सर्च अभियान के तहत जंगल भ्रमण के दौरान छापामारी में करेंट लगाकर चरसिंघा जानवर मरने वाले दो व्यक्ति और करंट से मारा हुआ चरसिंहा जानवर को रंगे हाथों पकड़ा गया है। चरसिंहा जानवर भंडारिया वन विभाग लाकर और उसका अंत परीक्षण करा कर दफना दिया गया। मौके पर वनपाल कमलेश कुमार, अंकित कुमार, रोशन, शुभम दुबे अन्य अनुपम तिवारी और सभी वन रक्षी उपस्थित थे। पकड़े गये लोगों को वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## पदाधिकारी से प्रमुख चंद्रावती ने योग्य लाभुकों का चयन करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने जिला गव्य विकास पदाधिकारी सह पशुपालन पदाधिकारी को मुख्यमंत्री पशुधन योजना में प्रखंड क्रियान्वयन समिति के द्वारा चयनित लाभुकों का नाम सूची से हटाकर प्रखंड पशु चिकित्सक के द्वारा स्वयं से रिश्वत लेकर अयोग्य लाभुक चयन करने के विरुद्ध आवेदन सौंप कर पुणः योग्य लाभुको का चयन करने की मांग की। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना 2023-24 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति के द्वारा विभिन्न योजनाओं में सैकड़ो फॉर्म को रद्द करते हुए योग्य लाभुको का चयन कर जिला में भेजा गया था। लेकिन प्रखंड के भ्रष्ट पशु चिकित्सक और कुछ अधिकारियों के मिली भगत से व्हाइटनर लगाकर समिति द्वारा पारित योग्य लाभुकों को नाम हटाकर उसके स्थान पर मोटी रकम लेकर अयोग्य लाभुको का चयन करके जिला में सूची भेज कर एंट्री कराई गयी है। जिसका प्रमुख चंद्रावती देवी ने जांच करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की और पुनः प्रखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति के द्वारा पारित लाभुकों की योग्य सूची बनाते हुए एंट्री करने की मांग की। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कही की एक सप्ताह के भीतर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुआ तो बाध्य होकर उनके विरुद्ध अनिश्चित आंदोलन करने पर बाध्य होने की चेतावनी दी है।

## आइजी ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने सोमवार को गढ़वा जिला व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

पुलिस महानिरीक्षक ने न्यायालय परिसर में कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाले दरवाजा, अधिवक्ता संघ भवन से न्यायालय परिसर आनेवाले इंट्री गेट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी ने ताइद संघ भवन के प्रथम तल्ला और सबसे उपरी तल्ले से न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिए। उन्होंने ताइद संघ के एक पदाधिकारी से भवन के उपरी तल्ले पर जानेवाले दरवाजे को बंद कराने के बारे में भी बातचीत की। आईजी ने कहा कि यह न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सभी लोगों से जुड़ा है।

उन्होंने कहा कि वे न्यायालय परिसर की सुरक्षा आडिट के लिए यहां आये हैं। इस दौरान पूरे परिसर का जायजा लिया गया है। इस दौरान न्यायालय परिसर में कई स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। मौके पर एसडीपीओ गढ़वा एके यादव, मेजर ओमप्रकाश दास आदि उपस्थित थे।

## छात्रों को सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



भवनाथपुर। सिंदुरिया पंचायत भवन में सोमवार को थाना प्रभारी रामेस्वर उपाधयाय के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर जागरूक किया गया। बताया कि आये दिन सड़क दुर्घटना में मौत की खबर सुनने और देखने को मिल रही है जिसमें अधिकतर दुर्घटनाएं बिना हेलमेट और शराब के नशे में वाहन चलाने से हो रही हैं। सड़क दुर्घटना में किसी एक वेक्ति कि मौत होने से उससे जुड़े कई लोंगो को प्रभावित होना पड़ता है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने और जानकारी देने के लिए मुखिया ने इसे ऐतिहासिक कार्य बताया।

## कर्पूरी ठाकुर का शताब्दी वर्ष मनाने को लेकर कमिटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरौंधी।** खरौंधी के पुराना ब्लॉक मोड़ पर स्थित जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा स्थल पर समाजसेवी रामचरित्र मेहता की अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप मे पूर्व जलसंसाधन मंत्री रामचंद्र केशरी उपस्थित थे।

बैठक में बिहार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर का 24 जनवरी 2024 को शताब्दी वर्ष के मौके पर कार्यक्रम आयोजन करने और सदैव रुप से कार्य करने के लिए कमिटी का गठन किया गया। इसके अलावा बैठक में कई प्रस्ताव लिये गये, जिसमें कमिटी का नाम जननायक कपूर्री ठाकुर लोक चेतना मंच रखने का निर्णय लिया गया। इस कमिटी में एक संरक्षक मंडल बनाया गया। जिसमें पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, रामचरित्र मेहता, बाबुलाल पासवन, जिप सदस्य धर्मराज पासवन, मूखिया मंजू देवी और प्रमुख आभा रानी को रखा गया है। इसके अलावा कमिटी का अध्यक्ष सुजांती शर्मा, सचिव बिनोद यादव, संयुक्त सचिवजुबेर अंसारी, कोषाध्यक्ष अशोक ठाकुर, उपसचिव काशीनाथ राम, उपसचिव मुकेश साव सहित 35 सदस्यीय कमीटी का गठन किया गया। इस मौके पर श्री केशरी ने बताया कि यह कमिटी हमेशा कार्य करती रहेगी।

इस कमिटी के द्वारा आगामी 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि कमिटी का एक बैंक मे खाता खोला जायेगा। जिसमें सदस्यों के द्वारा सहोग राशि जमा किया जायेगा। इस मौके पर बाबुलाल पासवन, सुजांती शर्मा, शोभनाथ यादव, अशोक ठाकुर, प्रदीप कन्नौजिया आदि मौजूद थे।



फोटो : बैठक मे शामिल पूर्व मंत्री और अन्य

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड की डुमरगड़ी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह और अन्य वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही प्राप्त आवेदनों के आलोक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद, मरेगा, अबुआ आवास योजना, आधार कार्ड सुधार और पंजीयन आदि योजनाओं से संबंधित लगाये गये थे। स्टॉलों पर ग्रामीणों की समस्याओं और योजनाओं से लाभ प्राप्त करने संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। आन दी स्पॉट संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लेने की अपील की गयी। डीसी ने ग्रामीणों से संचालित योजनाओं के प्रति जागरुक होकर लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सभी शिविर में आकर अपनी शिकायतों और समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, यथा संभव ऑन दी स्पॉट निराकरण किया जायेगा। उपायुक्त ने झारखंड सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी अबुआ आवास योजना की चर्चा करते हुए ग्रामीण से इस योजना से लाभ प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पाने के लिए आवश्यक कागजात के साथ शिविर में आकर आवेदन जमा करें। सभी योग्य पात्रों को सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। शिविर के दौरान उपायुक्त द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अलग-अलग वर्ग कक्षा की पांच छात्राओं के बीच सांकेतिक रूप से लाभ का वितरण किया गया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड की तोरपा पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख संतोष कुमार कर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुउद कुमार झा, अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, मुखिया विनिता नाग, उप मुखिया राजू साहू, पंचायत समिति सदस्य सेफिया सुलताना सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रखंड प्रमुख, बीडीओ और सीओ ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही प्राप्त आवेदनों के आलोक में उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद, मरेगा, अबुआ आवास योजना, आधार कार्ड सुधार एवं पंजीयन आदि योजनाओं से संबंधित लगाये गये थे। स्टॉलों पर ग्रामीणों की समस्याओं और योजनाओं से लाभ प्राप्त करने संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। आन दी स्पॉट संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लेने की अपील की गयी।

## अड़की में ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ रोड में अड़की थानांतर्गत बारूहातू गांव के समीप सोमवार दोपहर लगभग एक बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे मोटरसाइकिल चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान अड़की थानांतर्गत ग्राम बारुहातू टोला खुदीमाड़ी निवासी पांडू मुंडा के 30 वर्षीय पुत्र सोमा मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमा मुंडा घर के लिए राशन का सामान खरीदने हेमरोम गांव गया था। हेमरोम से वापस घर लौटने के दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने घटना की जानकारी अड़की थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसबी जवानों के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लियाअ और उसके चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 15 दिसंबर को खूंटी आयेंगे मुख्यमंत्री डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन 15 दिसंबर को खूंटी आयेंगे। इसकी तैयारी कों लेकर विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। इसे लेकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आनेवाले अतिथियों के अलावा सभी जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, कचहरी मैदान में पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लें। डीसी ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले में यातायात व्यवस्था, हेलीपैड और सभी तैयारियों को दुरुस्त रखें। साथ ही डीसी ने लाभुकों के बीच वितरित की जानेवाली परिसंपत्तियों की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

### पीड़ित परिवार को दी खाद्य सामग्री



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत के बाराडीह निवासी चिंतामणि महतो की माता के निधन और पताल पंचायत के मेढ़ी कसियातरी निवासी चन्द्रवीर गंझु के निधन पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने दु:ख प्रकट किया है। विधायक अंबा प्रसाद के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने दोनो पीडित परिवार के घर जाकर खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। इस संबंध में राजेंद्र ने बताया कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हैं। इसकी सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दी गयी, जिसके बाद उन्होंने दोनों के निधन पर दु:ख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल खाद्य सामग्री प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड की चुरगी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में विभिन्न विभागों की ओर से 1162 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सिर्फ अबुआ आवास योजना के तहत 465 आवेदन तथा नया जॉब कार्ड में 37आवेदन आये। बाकी 660 आवेदनों में 72 आवेदन का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो तथा विशिष्ट अतिथि बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिंया उपस्थित हुए। बुंडू प्रमुख ने कहा कि सरकार आवेदन का जल्द निष्पादन करे। इस स्टॉल पर सरकार की उज्ज्वला योजना के स्टॉल नहीं लगे थे, जिससे गरीबों के बीच उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिल सका। इस अवसर पर बीडीओ रेणु कुमारी, सीओ पवन कुमार, चुरगी मुखिया डॉ दिलीप पासवान सहित अंचल और प्रखंड के सभी विभागों के लोग मौजूद थे।

### 14 को राहे में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव सुदेश महतो ने बतायी रूपरेखा

**राहे (आजाद सिपाही)।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में आगामी 18, 19 एवं 20 दिसंबर को आयोजित तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को राहे डोमनडीह स्कूल मैदान में कार्यकर्ता और स्वयंसेवकों की बैठक गूंज के संरक्षक सुदेश महतो की अध्यक्षता संपन्न हुई। गूंज महोत्सव के पूर्व राहे प्रखंड में 14 दिसंबर को क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन होना है। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सुदेश ने महोत्सव की रूपरेखा की जानकारी देते हुए स्वंयसेवकों को दिशा निर्देश दिये। महोत्सव का उद्देश्य सिर्फ एक सास्कृतिक मंच ही नहीं, बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है।

### मुखिया ने सांसद एवं डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** लपरा पंचायत के मुखिया पुतुल देवी ने सांसद संजय सेठ तथा रेलवे डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा है। सांसद को दिए ज्ञापन में मैकलुस्कीगंज स्टेशन में शक्तिपुंज और पलामू एक्सप्रेस का ठहराव, चट्टी नदी रेल लाइन पर पुल निर्माण तथा डीआरएम से रेल लाइन पर रेलवे फाटक और पुल निर्माण करने का आग्रह किया है। ज्ञापन में कहा है कि कोरोना काल के समय से मैकलुस्कीगंज स्टेशन में पलामू एव शक्तिपुंज एक्सप्रेसों का ठहराव बंद कर दिया गया है। जिससे यहां के लोगों को आवगमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ-साथ यहां रह कर पढ़ रहे विभिन्न विद्यालये के पांच हजार छात्र/छात्राओं, माता-पिता एवं अभिभावको को भी आवागमन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## महिला कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए : प्रधान जिला जज

### कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण से बचाव और इंटरनल कंप्लेन कमेटी पर कार्यशाला

> देश के विकास में महिला कर्मियों का योगदान मुख्य है।

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** डालसा खूंटी के सभागार में जेएसएलपीएस और डालसा खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों का पोश एक्ट 2013 (कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण से बचाव) एवं इंटरनल कंप्लेन कमेटी विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान जिला जज ने अपने संबोधन में पोश एक्ट 2013 और आइसीसी के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी और कहा कि किसी भी कार्यस्थल (सरकारी या गैर सरकारी) दोनों स्थलों के लिए आसीसी समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिला कर्मियों का योगदान मुख्य है। कार्यस्थल में वर्क कल्चर अच्छा होना चाहिए। महिला कर्मी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि इस अधिनियम के तहत कार्य स्थल पर महिलाओं के लिए अलग शौचालय, सेनेटरी नैपकिन, चाइल्ड केअर यूनिट की व्यवस्था कराई जाय।

डिप्टी चीफ एलएडीसी नम्रता कुमारी ने आइसीसी की संरचना और भूमिका को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की।

## तमाड़ विधायक ने किया मिट्टी बांध पुनरुद्धार कार्य का शिलान्यास

# 33 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य, किसानों को होगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड की आराहागा पंचायत की सुरंगी जलाशय योजना अंतर्गत मिट्टी बांध का पुनरुद्धार नहर एवं रिसेकसनिग लाइनिग एवं संरचनाओं के पुनरूद्धार कार्य का सोमवार को तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। यह कार्य को झारखंड सरकार जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृति दी गयी है। लगभग 33 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कार्य किया जायेगा, जिसका संवेदक साईं कंस्ट्रक्शन हैदराबाद है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारी प्राथमिकता किसान हैं। यह नहर बन जाने से खेतों मे पानी पहुंच पायेगा। इससे आराहागा पंचायत के किसानों को बहुत लाभ होगा। इस डैम का प्राक्कलन पर्यटन विभाग झारखंड सरकार को भेजा गया है। इसकी घोषणा जल्द की जायेगी। ज्ञात हो कि इस बांध का निर्माण 1980 से 85 के बीच हुआ था। डैम का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा है। इसमें 59 परिवार विस्थापित हुए थे। उन्हें न नौकरी मिली और न मुआवजा। नहर की लंबाई 13 किलोमीटर है। विधायक ने विभाग से सूची उपलब्ध कराने को कहा। झारखंड सरकार अब इस पर पहल कर रही है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, जिला परिषद भवानी मुंडा, मुखिया सालुकमणी सरदार, सीताराम पातर, प्रदीप मुंडा, अजय मुंडा, प्रमुख प्रकाश सिंह मुंडा, अमर मुंडा, अनील मुंडा, लखन सिंह मुंडा, अमजद, रवि पातर, अरविंद के अलावे वार्ड ग्राम प्रधान, विभाग के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में जीते 12 स्वर्ण और आठ रजत पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा नौ और दस दिसंबर को टाना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में आयोजित झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, आठ रजत तथा तीन कांस्य पदक सहित कुल 23 पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। जिले के खिलाड़ियों ने काता और कुमिते दोनों इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 पदक जीत कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। निराली गुड़िया, मुचिराय हस्सा तथा आर्यन प्रमाणिक ने काता एवं कुमिते दोनो इवेंट में दोहरा स्वर्ण पदक हासिल किया है। विभिन्न आयु और भार वर्ग में पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं स्वर्ण पदक अंकित धान, शिवम सिंह, रोहित सिन्हा, जायस राज, नितेश कुमार और मुकेश बोदरा, रजत पदक स्मिता जोजो, शिवम सिंह, सुशील नाग, सुभाष कुमार, एलिसा केरकेट्टा, अभिषेक तिड़ू, जीतेश मुंडा तथा पुकीरचंद बोदरा। कांस्य पदक रिया कुमारी, एलिसा तथा रोहित सिन्हा। खिलाड़ियों की इस सफलता पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सह विश्व कराटे संघ द्वारा प्रमाणित कोच हेजाज असदक, शादाब खान, हरीश कुमार, सचिन कुमार, अश्विनी कुमार मिश्रा, शीतल टोपनो सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए डीएवी बचरा का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा की बैडमिंटन टीम ने धनबाद में संपन्न हुई राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाकर चैंपियन बना है। जानकारी के मुताबिक कोयलांचल के धनबाद में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले मे डीएवी बचरा ने निरजा सहाय डीएवी को 2-0 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा। डीएवी बचरा टीम की ओर से स्कूल के छात्र प्रियांशु तिवारी, अनीश कुमार, पीयूष कुमार तिवारी और आसिफ असलम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनी डीएवी बचरा की टीम अब दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेगी। राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनी डीएवी बचरा के बच्चों ने क्लस्टर स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब स्कूल के बच्चे दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारी में लगे हुए। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने सफल बच्चों को बधाई दी है। खेल के क्षेत्र में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगामी दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए सभी बच्चों को शुभकामना देते हुए बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना की है।

# एक दर्जन से अधिक लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोमनडीह स्कूल मैदान में आयोजित एक सादे समारोह में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष राहे प्रखंड के अम्बाझरिया और नावाडीह पंचायत के एक दर्जन से अधिक लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अम्बाझरिया पंचायत प्रभारी संजय मुंडा के नेतृत्व में लखिंद्र मुंडा, मनोहर मुंडा, हीरालाल मुंडा, कमलेश उरांव, राजू उरांव तथा नावाडीह पंचायत प्रभारी संजीव लोहरा के नेतृत्व में पंकज महतो, हरिश्चंद्र महतो, हरे राम महतो, अजय महतो, मनसा कोइरी, नरेश महतो, शुभम महतो, रितेश महतो, सागर महत, तथा बंसिया पंचायत के सुजीत साहू और शंकर सिंह मुंडा को पार्टी का पट्टा पहना कर शामिल किया किया। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर, बालेंदु, मनोज मेहता, रंजीत साहू आदि मौजूद थे।

# बालिका विद्यालय का मना वार्षिकोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय खूंटी के प्रांगण में सोमवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार और प्रधानाध्यापिका डॉ कविता कुमारी उपस्थित थे। किरण कुमारी पासी ने बच्चों को सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी के अलावा बच्चों के लिए उनकी रुचि के अनुसार कार्य योजना, शिक्षा के रूपांतरण, बाल उत्पीड़न जैसे अहम मुद्दों पर बच्चों के साथ उनके अभिभावक के बीच रोचक जानकारी साझा की। साथ ही विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार मिश्रा, रीता कुमारी, अंजना डोडराय, गीतांजलि निर्मला कंडुलना, विनीता लुगुन, कुमारी ईशा को अपने उनके कार्यों के लिए प्रमाण पत्र और विगत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के अच्छे परिणाम के लिए पल्लवी कुमारी, डिंपल कुमारी, दीक्षा मांझी को पुरस्कृत किया। पूरे साल विद्यालय गतिविधि में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सुलेखा कुमारी, खुशी कुमारी, रोशनी कुमारी, निशा कुमारी, आशु सोनामणि सिंपी और अन्य छात्राओं को भी पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ कविता कुमारी ने पूरे वर्ष की उपलब्धियां के साथ सीमित संसाधन में विद्यालय को प्रगति पथ पर कैसे आगे ले जाया जा सकता है, के बारे में जानकारी दी और आगामी परीक्षा के लिए बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

## तमाड़ पश्चिमी पंचायत में अबुआ आवास के लिए 958 आवेदन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की तमाड़ पश्चिमी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कुल 1605 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसमें 958 आबुआ आवास, 210 सोना सबरण योजना के तहत धोती साड़ी, 190 कंबल, 30 जाब कार्ड, 20 जाति प्रमाण पत्र, 25 आय प्रमाण पत्र, 15 लगान रसीद, 5 दाखिल खारिज, 15 पंजी, 2 में सुधार, और 40 लोगों के बीच दवाई का वितरण किया गया। 22 आवेदन गुरुजी केडिट कार्ड के लिए आये। इस अवसर पर बीडीओ संतोष प्रजापति, सीओ अतुल रंजन भगत के अलावे विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## टाटी पूर्वी में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

# सरकार आपके द्वार पहुंचकर समस्याओं का कर रही है समाधान : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के ग्राम पंचायत टाटी पूर्वी में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खिजरी विधायक राजेश कच्छप बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंशा के अनुसार आम जनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने के लिये यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस शिविर में आम जनता से प्राप्त प्रत्येक आवेदन पत्र पर संबंधित अधिकारी समय-सीमा में निराकरण करेंगे। शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और इसका लाभ लेने के लिये अब जनता को भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान लोगों की जमीन से संबंधित समस्या, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन विभाग, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा अबुवा आवास का रजिस्ट्रेशन किया गया। इसमें सभी विभाग के पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, कांग्रेसी नेता अशोक मिश्रा, मुखिया कृष्णा पहान, पंसस रमेश कुमार, पंसस जयंती देवी, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, प्रीति देवी, पल्लवी देवी, प्रिया कुमारी, संजू देवी, रेखा गोयल, शिवानी कुमारी, जय कच्छप, बीना देवी, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, सुनील जाय, रंजीत लोहरा, मुकेश कुमार महतो और राजेश रंजन आदि उपस्थित थे।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक राजेश कच्छप।

## रांची प्रमंडल में ग्रामीण डाक सेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

### ग्रामीण डाक सेवक आज भी नहीं हुए आजाद : रामकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के देशव्यापी आह्वान पर रांची प्रमंडल के सभी ग्रामीण डाक सेवक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ रांची प्रमंडल के प्रमंडलीय सचिव रामकुमार दीपक ने कहा कि देश आजाद होने के बाद भी ग्रामीण डाक सेवक भयंकर त्रासदी झेल रहे हैं। गांव में डाक बांटने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को आज भी सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। डाक विभाग आज भी ग्रामीण डाक सेवकों को 4 से 5 घंटे के काम के हिसाब से मानदेय दे रहा है। जबकि 8 घंटा से अधिक काम लिया जा रहा है। सरकारी कर्मचारी वाला कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। मेडिकल, सीपीएफ, ग्रेज्युटी, पेंशन, बीमा आदि की सुविधाएं प्रदान नहीं की गई है। आजादी के इतने साल बाद भी डाक विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवकों के सेवा शर्तों में कोई सुधार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी सात सूत्री मांगें पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इधर, सोमवार को रामकुमार दीपक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित कर आंदोलन को सफल बनाने के लिए टीम का गठन किया गया। जिसमें महेंद्र प्रजापति, पुष्कर प्रमाणिक, जयराम महतो, कालीचरण महतो, राजकुमार महतो, तुलसी प्रमाणिक, बैजनाथ गोप, मनोज कुमार सिन्हा, नारायण, हीरालाल महतो, जयप्रकाश, राजेश, मृत्यंजय, भुनेश्वर, सुनील कुमार शामिल हैं। यह टीम शत-प्रतिशत हड़ताल को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेगी। रामकुमार दीपक ने सभी ग्रामीण डाक सेवकों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।

## इटकी में सरकार आपके द्वार का आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी पंचायत सचिवालय प्रागंण में सोमवार को अयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 1601 आवेदन आये। जिसमें 652 आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को लाभ लेने को कहा। इस दौरान धोती साड़ी, जॉब कार्ड, कंबल वितरण किया गया। विधवा, पेंशन, वृद्धा, योजनाओं की स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर में लोगों की वीपी, सुगर सहित अन्य रोगों की जांच की गई। मौके पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ विजय कुमार, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, मुखिया निर्मला भेंगरा, बीएसओ हेमंत एक्का व सुमन बारला आदि थे।

## गांवों का संपूर्ण विकास ही सरकार आपके द्वार का उद्देश्य: श्वेता भारती

### बेड़ो प्रखंड के घाघरा में सरकार आपके द्वार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** क्षेत्र के ग्रामीणों व गांवों का संपूर्ण विकास ही सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। सरकार विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का प्रयास कर रही है। उक्त बातें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती ने कही। वे सोमवार को प्रखंड के घाघरा पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। वहीं अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, घाघरा पंचायत के समाजसेवी रईफुद्दीन मिरदाहा आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 1533 आवेदन आये, जिसमें से 508 पर त्वरित कार्रवाई की गई। साथ ही दर्जनों लाभुकों के बीच स्वीकृति आदेश, प्रमाण पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, फारूक नदीम शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केसरी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।




अपना वक्तव्य रखती जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती।

## भाषा हमारी संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : डॉ कमलकांत

### वाइबीएन विवि में जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** वाइबीएन विश्वविद्यालय (विवि) में भारतीय भाषा उत्सव पर जल संरक्षण के तहत संगोष्ठी व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत डॉ कमल कांत पात्रा ने किया। उन्होंने कहा कि भारत एक बहुभाषी देश है। यहां 22 आधिकारिक भाषाएं है। इनके अलावा भी कई क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती है। भाषा हमारे संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें एक-दूसरे से जोड़ती है और हमारे बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देती है। इस उत्सव का उद्देश्य हमारी भाषाओं के महत्व को मनाना और उनका प्रचार करना है। हम यहां विभिन्न भाषाओं में संगीत, नृत्य, कविता और भाषण का आनंद लेने के लिये एकत्र हुये है। महेंद्र मोदी ने बताया कि दैनिक गतिविधियों में बहुत अधिक पानी की खपत होती है। पानी का भंडारण लंबे समय तक उपयोग में मदद कर सकता है। एक औसत मनुष्य प्रतिदिन लगभग 150 लीटर पानी का उपयोग करता है। जनसंख्या वृद्धि और औद्योगिकीकरण के कारण धरातलीय व भूमिगत जल के भंडारों में जल की कमी हो गयी है। इस कारण जल संकट की समस्या उत्पन्न हो गयी है। उन्होंने जल संरक्षण के 8 से 9 मॉडल के बारे में विस्तार से बताया। डॉ कमल कांत पात्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति, विवि के सभी अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं से उपस्थित थे।

## नगड़ी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के एडचोरो पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया, जिसका उद्घाटन बीडीओ दीपाली भगत, सीओ राकेश कुमार, जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मधुवा कच्छप, बजरंग महतो, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शाहबीर लोहरा और झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, पशु चिकित्सक डॉ अभिमन्यु कुमार, मुखिया पारणा खलखो ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के 750 आवेदन आए, जिसमें अबुआ आवास के लिये 285, वृद्धा पेंशन सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कंबल के लिए 167, साड़ी धोती के लिए 242 आवेदन थे। समस्याओं के निवारण के लिए एडचोरो पंचायत के लोगों ने संबंधित विभाग के स्टॉल में आकर आवेदन जमा किया। जिसमें कुछ समस्या का समाधान शिविर में ही किया गया। इस दौरान झामुमो और कांग्रेस के कार्यकर्ता ग्रामीणों की मदद करते देखे गए।

## मृतक उमेश की पत्नी को प्रति माह एक हजार की सहायता राशि देगा जनकल्याण समर्पण संस्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** तीन माह पूर्व सिकिदिरी में एलईडी बल्ब चोरी करने के आरोप में ढेलुवा खुटटा गांव के एक आदिवासी युवक उमेश मुंडा की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उमेश अपने परिवार का अकेला कमाउ सदस्य था। उसकी मौत के बाद उसके परिवार में वृद्ध माता-पिता, विधवा पत्नी मोनिका देवी व एक पांच साल का बेटा और तीन साल की बेटी के सामने जीवन-यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। उमेश के स्वजन भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। बच्चों को दूध पीने के भी लाले पड़ गए हैं। इसे देखते हुए सोमवार को जनकल्याण समर्पण संस्थान के ढेलुवा खुटटा स्थित कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर संस्थान की ओर से मृतक की विधवा मोनिका देवी को एक हजार रुपए की नकद सहायता राशि दी गई। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि संस्थान की ओर से प्रति महनिा विधवा मोनिका देवी को एक हजार रुपए की नकद राशि के अलावा अन्य सहायता दी जाएगी। उमेश के स्वजनों की दैनीय स्थिति के मद्देनजर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में संस्थान के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा से मिलकर मोनिका देवी को मानव दिवस पर रखने और रोजगार से जोड़ने का अनुरोध भी कर चुका है। इस मौके पर संस्थान के रमण कुमार, महासचिव सत्यपाल राउत, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार, विजय सिंह, कुंती देवी, मघू करमाली, संजय सिंह, मनोज मुंडा, दीपक कुमार, श्याम क्षेत्री आदि उपस्थित थे।




मृतक की पत्नी को आर्थिक मदद करते संस्था को लोग।

## वाहन की चपेट में आने से दो सगे भाई हुए घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** हरिहरपुर जामटोली पहाड़ के समीप बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर सोमवर अपराह्न तीन बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो सगे भाई घायल हो गए। उनकी पहचान बेड़ो के बरटोली नेहालु निवासी कृष्णा उरांव (20) और रितेश उरांव (17) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसआई रामचंद्र यादव ने 108 एम्बुलेंस से दोनों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ कुसुमलता ने दोनों घायलों का उपचार किया। घायल कृष्णा ने बताया कि वो अपनी बाइक से बेड़ो से घर जा रहा था। तभी एक वाहन ने टक्कर मार दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शहीद जीतराम बेदिया की जयंती मनाने का निर्णय



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीसा गांव में रविवार को ग्रामीणों की बैठक महाबीर बेदिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 30 दिसंबर को बीसा गांव में अमर शहीद जीतराम बेदिया की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर एक शहीद मेला भी आयोजित करने का फैसला हुआ। जयंती सह मेला कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष रोहित बेदिया, उपाध्यक्ष रवि शंकर बेदिया, सचिव साहिल लोहरा, सहसचिव विपता बेदिया, कोषाध्यक्ष महेश बेदिया, मुख्य संरक्षक महाबीर बेदिया, दिलीप बेदिया, मंजोति देवी, संजय भोगता, सत्यदेव मुण्डा, मानेश्वर मुण्डा, मेला प्रभारी जीवधन बेदिया, सोहरैया बेदिया, सुरक्षा प्रभारी फागुराम बेदिया एवं जयराम बेदिया बनाए गये। संचालन अशोक बेदिया ने किया।

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ पर कुटे गांव के समीप बोलेरो की चपेट में आकर बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान कुटे गांव निवासी विनोद पाहन, सांडी गांव निवासी साहिल कुमार व सतीश कुमार शामिल हैं। घटना सोमवार की शाम सात बजे की है। इस घटना में साहिल कुमार का पैर टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। जबकि, विनोद पाहन व सतीश कुमार के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। तीनों युवकों को स्थानीय लोगों की सहायता से अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर पांचा से अपने-अपने घर लौट रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बोलेरो ने धक्का मार दिया। घटना के बाद चालक मौके से वाहन लेकर भागने में सफल रहा।

### ओरमांझी के धकजीवन में रेल पटरी से शव बरामद

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** धकजीवन में रेल पटरी के किनारे से सोमवार को 65 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान डहरु साहू के रूप में हुई है। वह पिठौरिया के चंदवे का रहने वाला था। शव के पास से एक साईकिल भी बरामद हुआ। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं, परिजनों की मानें तो डहरु साहू साइकिल से ही रांची गए थे। शव देख लग रहा कि रेलवे ट्रैक पार करने के क्रम में गिरने से मौत हुई होगी।

### महिला के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में मारी गई महिला के शव को पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बतातें चलें कि रविवार की शाम 7.30 बजे मलार चौक के निकट रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर एक वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत मौके पर ही हो गयी थी। थाना प्रभारी अमित प्रशांत ने बताया कि महिला सड़क पार कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव के पास से एक झोला बरामद किया है।

## पीडीएस दुकानदार लाभुकों से करें अच्छा व्यवहार : प्रदीप



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड सभागार में सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत की अध्यक्षता में पीडीएस डीलरों की बैठक हुई। जिसमें राशन वितरण की समीक्षा की गई। डीलरों के बीच इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पीडीएस दुकानदारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें निर्देश दिया कि वे दुकान का संचालन अच्छी तरह से करें। लाभुकों से अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने डीलरों को निर्देश दिया कि वे संपन्न कार्ड धारी की सूची समर्पित करें, ताकि उन संपन्न व्यक्तियों पर उचित कार्रवाई की जा सके। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, डीलरों में गुलामुद्दीन अंसारी, मो मुस्तफा, राजकुमार केसरी, नरेश ठाकुर, अशोक कुमार, दौलत राम केशरी, मोख्तार अंसारी, अनंत केशरी, कैलास साहू, प्रेमसागर महतो, जतरी व पिंकी देवी आदि थे।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जशपुरिया बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएड के प्रशिक्षुओं ने मानवाधिकार पर अपने अपने वक्तव्य रखे। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस साल भी यह धूमधाम से मनाया जा रहा है। हमें हर एक दूसरे मानव का ख्याल रखना होगा। इस साल की थीम- समानता- असमानताओं को कम करना, मानवाधिकारों को आगे बढ़ाना है। मौके पर प्राध्यापकगण संजीव कुमार, सरिता सिंह, उषा मिंज, शशि प्रभा, सरिता शर्मा, रंचन कुमारी, महफूज अंसारी एवं बीएड के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों का प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन

# 23 वर्ष बाद भी झारखंड के आंदोलनकारियों को नहीं मिला सम्मान व पेंशन : राजू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुग।** प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव रुपुस भेंगरा ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भी आंदोलनकारी उपेक्षा का दंश झेल रहे है। झारखंड राज्य का निर्माण त्याग, बलिदान और संघर्ष के वावजूद बना। बार-बार आंदोलन करने के बावजूद झारखंड आंदोलनकरियों, कवि कलाकारों को पेंशन, सम्मान व गंभीर बीमारी इलाज की सुविधा नहीं मिली। 20 दिसंबर को विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन कर झरखंड आंदोलनकारी अपनी 21 सूत्री मांग पत्र सौपेंगे। झारखंड आंदोलनकारी शिबू सोरेन व मंत्री, विधायक, सांसद वर्तमान सरकार में रहकर भी आंदोलनकारियों का मान-सम्मान अभी तक नहीं दिल सके। रुपुस भेंगरा ने कहा कि सरकार क्षेत्रीय भाषा संस्कृति को लागू करे। मौके पर झारखण्ड अंदिलनकारी के केंद्रीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव देवेंद्र मेहता, बिरसा मुंडा, दोंदे मुंडा, गुमदा मुंडा, पुनिया देवी, बिरसी उराइन और नरमी उराइन आदि शामिल हुए।




प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्य।

### डालटनगंज के विधायक ने किया पीसीसी पथ और विवाह मंडप का शिलान्यास

# जहां कहीं जरूरत होगी, बनवाई जायेंगी सड़कें: आलोक चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा प्रखंड के खामडीह गांव में सोमवार को डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत बनने वाले 4.25 किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्या किया। उक्त सड़क खामडीह से पुणाडीह होते हुए कृष्णा चौधरी के घर तक बनेगा। साथ ही विधायक मद से बनने वाले एक विवाह मंडप निर्मा कार्य का भी शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विखायक ने कहा कि गांव के विकास में सड़क की भागीदारी प्रमुख होती है। आज हमने पीसीसी पथ और विवाह मंडप निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। क्षेत्र में जहां-जहां मूलभूत समस्याएं हैं उनका निवारण व समाधान किया जाएगा। विधायक ने कहा कि आगे भी जहां-जहां सड़कों की आवश्यकता होगी वे बनवायेंगें, ताकि विकास के राह में किसी प्रकार की कोई बाधा ना पहुंचे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, बारी मुखिया निरोतमा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, संजय यादव, विजय पाठक, संदीप प्रसाद, जंग बहादुर सिंह, मनोज सिंह, अरविंद सिंह और मुकेश सिंह समेत दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।


पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्या करते विधायक आलोक चौरसिया।

## केंद्र की मोदी सरकार गांव व गरीबों के कल्याण के प्रति समर्पित : बबलू सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के डंडिला पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी ने किया। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी अखिलेश शर्मा ने देश को विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं व ग्रामीणों को संकल्प दिलाया। वहीं, भाजपा नेता बबलू सिंह ने छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार गांव व गरीब के प्रति समर्पित है। पिछले दशकों में जाति, धर्म, भाषा एवं क्षेत्र के आधार पर राजनीति होती थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदलकर विकसित व समृद्धि राष्ट्र बनाने की राजनीति शुरू कर दी है। मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना आदि कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आम लोगों का उत्थान करने के साथ-साथ राष्ट्र को विकास की सीढ़ियों पर चढ़ा दी है। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, एपीवाई, प्रधानमंत्री जन धन योजना बैंक खाता खोलने आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, नरेंद्र बैठा और योगेश्वर रजवार आदि मौजूद थे।

## सरकार-आपके द्वार शिविर में आये अब तक 153658 आवेदन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के 18वें दिन भी लोगों का उत्साह जारी रहा। आज भी जिले के कई प्रखंडों में शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। 24 नवंबर से लगाये जा रहे इस शिविर में रविवार तक जिले में कुल 153658 आवेदन आये। वहीं 6572 आवेदनों का मौके पर निष्पादन किया गया। वहीं 136 आवेदिन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। आयोजित शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 99273 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 3252,सर्वजन पेंशन के 3692, मुख्यमंत्री पशुधन के 4586, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना के 960,गुरूजी क्रेडिट योजना के 6102, केसीसी471,भूमि म्यूटेशन के 194 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये। वहीं 543 लोगों के आधार निबंधन एवं सुधार ऑन द स्पॉट किया गया। वहीं, इन शिविरों के दौरान अबतक 10468 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया साथ ही 1960 लाभूकों को योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया।

## कराटे रक्षात्मक कला, जिसे सीखकर लड़कियां कर सकती हैं खुद की सुरक्षा: अविनाश देव

**पलामू मिक्सड मार्शल- आर्टस टाइगर्स एकेडमी के तत्वाधान में प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कमिश्नरी लेवल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को संत मरियम स्कूल सेवा सदन रोड में पलामू मिक्सड मार्शल- आर्टस टाइगर्स एकेडमी के तत्वाधान में किया गया। चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के अलावा ग्रीन वेली इंटरनेशनल स्कूल, रोटरी क्लब स्कूल,एलिट पब्लिक स्कूल, आनंद मार्ग स्कूल, स्टार एकेडमी, आर्यन किड्स एकेडमी, सनातन विद्या निकेतन रेहला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विश्रामपुर, इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी, इंद्रदेव पब्लिक स्कूल, तिमान बाजार रंका, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल आदि विद्यालय के लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता मलेशिया की ओर से अंतर्राष्ट्रीय गोल्डन अवार्ड से सम्मानित मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कराया गया। चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि कराटा एक रक्षात्मक कला है जिसे सीखकर लड़कियां अपनी सुरक्षा खुद कर सकती है। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप में खिलाड़ी खेल के भावना से खेलें और हारने पर मायूस ना हों। यह पता करें कि हमसे चूक और कमी कहां हुई। उस कमी व चूक को सुधार करे तो अगली बार प्रतियोगिता में आपकी जीत निश्चित हो जायगी। कराटेकारों का फाइट उम्र व भार कैटेगरी में कराया गया था। इस चैंपियनशिप में टीम द्वारा ज्यादा गोल्ड की जीत हासिल करने पर टीम विनर का प्रथम पुरस्कार संत मरियम स्कूल स्कूल, टीम विनर द्वितीय पुरस्कार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका बिश्रामपुर,टीम विनर तृतीय पुरस्कार इंद्रदेव पब्लिक स्कूल रंका, चतुर्थ टीम विनर पुरस्कार इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी इत्यादि को मिला। चैंपियनशिप में जज की भूमिका में सेंसई सिकंदर कुमार प्रजापति, सेंसई संजय कुमार पासवान, सेंसई सज्जाद हुसैन कादरी, सेंसई अभिषेक कुमार, सेंसई नटवर पांडे के अलावा रेफरी की भूमिका में सेम्पई गुनगुन प्रिया, सेम्पई संध्या कुमारी, सेम्पई डोली कुमारी, सेम्पई चांदनी कुमारी, सेम्पई उज्जवल पासवान, सेम्पई एक श्रीकांत सिंह, सेम्पई प्रिंस कुमार, सेम्पई सुधेस कुमार आदि की ओर से निभाया गया।



## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा तत्वावधान में तीन दिवसीय धरना शुरू

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की छतरपुर प्रखंड इकाई के तत्वधान में सोमवार से बीआरसी छतरपुर के प्रांगण में तीन दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। प्रथम दिन 150 सहायक अध्यापकों ने धरना दिया। उपस्थित अध्यापकों ने बताया कि मंगलवार से 302 शिक्षक 100 फीसदी उपस्थिति बनाते हुए धरना स्थल पर पहुंचेंगे। गौरतलब हो कि राज्य परियोजना झारखंड और डीएससी कार्यालय डाल्टनगंज से प्राधिकार करने के लिए पत्र जारी कर दिया गया, लेकिन अभी तक प्रखंड संसाधन केंद्र छतरपुर के द्वारा शिक्षकों का प्राधिकार करने के लिए किसी प्रकार का पत्र निर्गत नहीं किया गया है। शिक्षकों ने कहा कि हमारा प्राधिकार जल्द से जल्द नहीं कराया गया तो आगे अन्य तरीके से आंदोलन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार मिश्रा ने किया।

## पर्यावरण संतुलन के लिए परिवारों की संख्या के अनुरूप करना होगा पौधरोपण : कौशल

**वर्षा के लिए किसानों के साथ लग्न में वर-वधु व बरातियों को पौधा देकर प्रकृति के प्रति जागरूक कर रहे पर्यावरणविद धर्मगुरु**

आजाद सिपाही संवाददाता


गृहप्रवेश में पौधा लगाते व वर-वधु को पौधा देते पर्यावरणविद कौशल किशोर।

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत मझौली के निरंजन यादव की पुत्री प्रियंका और चक मनातू के विलास यादव के पुत्र पंकज यादव की शादी में शामिल हुए पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधारोपण सौंपते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। वहीं ग्राम पंचायत डाली बाजार के अनिल कुमार जायसवाल के पुत्र अंकुश जायसवाल और नगर निवासी प्रवीण जायसवाल की पुत्री प्रियंका जायसवाल का परिणय अंबिकापुर के महामाया रिसोर्ट में संपन्न हुई। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने वर-वधु व बरातियों को आशीर्वाद स्वरूप थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम, लीची, चंदन के पौधे देते हुए कहा कि यदि घरों में लोगों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए शिव के समान वृक्ष का होना जरूरी है। कहा कि बारातियों को दहेज में कुछ मिले या न मिले लेकिन उन्हें पौधा मिलना अति जरूरी है। उन्होंने कोरोना का जिक्र करते हुए कहा कि धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख जोनी जीवन के जीने के लिए सबसे जरूरी ऑक्सिजन है। जो किसी कारखाने में नहीं मिलता है। इसके लिए पौधा लगाना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि आप हर संपत्ति को अर्जित कर सकते हैं परंतु शुद्ध हवा नहीं। बीमारी से बचने के लिए हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म के 11 मूल ज्ञान मत्रों को अपने जीवन में उतारने का अथक प्रयास करना चाहिए। पंचायत डाली बाजार के विनोद यादव सह पत्नी पार्वती देवी के गृह प्रवेश में पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ आम का पौधा भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार, डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के साथ लगाते हुए कहा कि मकान के चारों ओर पौधा लगाने से मकान में एसी लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है और लोग स्वस्थ रहते हैं। मौके पर संजय यादव, मनोज यादव, उप मुखिया अफजाल अंसारी, रामजी प्रसाद, सूचित जायसवाल, सत्येंद्र जायसवाल, संजय यादव, अनिल जायसवाल की पत्नी ललिता देवी और नगर निवासी प्रवीण जायसवाल की पत्नी, सविता देवी, लालू प्रसाद, सत्येंद्र जायसवाल दीनानाथ, मुकेश प्रसाद, उमेश कुमार, अजय कुमार, माला देवी, राकेश कुमार, गोविंद प्रसाद, रामजी जायसवाल, रॉकी जयसवाल, सचिन कुमार मझौली, निरंजन यादव पत्नी मंजू देवी, कमलेश यादव, फुलवा देव, राजकुमार यादव, हरिराम यादव, प्रसाद सिंह, किशन भुईयां और रामलाल यादव आदि मौजूद थे।

## तीन माह से लापता नाबालिग लड़की बरामद, प्रेमी गिरफ्तार

**- शादी की नियत से एक बच्चे के पिता पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया गांव से तीन माह पूर्व अपने घर से भागी लड़की को मोहम्मदगंज पुलिस ने रविवार को मोहम्मदगंज स्टेशन से बरामद करने के साथ ही उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। वह बिहार के औरंगाबाद जिले के जमहौर थाना क्षेत्र स्थित घुरिया पिपरा गांव का रहने वाला है। उसे सोमवार को मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया है। वहीं, नाबालिग लड़की को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेजा गया है। इस बाबत थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर दोनों को सूरत से ट्रेन से आने के दौरान मोहम्मदगंज स्टेशन से पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि लड़की नाबालिग है, जबकि युवक शादीशुदा व एक बच्चे का पिता है। विदित हो कि लड़की से शादी करने की नीयत से भगानेवाले राहुल गुप्ता के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में लड़की की मां ने 21 अगस्त 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी।




## पलामू के विनीत को प्रादेशिक विवि का बनाया गया सहसंयोजक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69 वें अधिवेशन का आयोजन किया गया है। यह कई मामले में विशिष्ट हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन में शिक्षा, पर्यावरण, खेल, कला, समसामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा के बाद व्यवहारिक धरातल पर परिवर्तन करने के लिए दिशा भी तय किया गया। अधिवेशन में 10 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन के नियमित राष्ट्रीय और प्रदेश में कई घोषणाएं हुई। जिसमें पलामू जिले के विनीत पांडे को अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक का दायित्व सौपा गया। परिषद के नगर मंत्री रामाशंकर पसवान ने कहा कि वर्ष 2013 से विनीत पांडे लगातार छात्र सामाज हित और राष्ट्र हित के मुद्दे को लेकर हमेशा समाज में सक्रिय रहे हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अपनी गिरेबान में झांकें भाजपाई : सुरेंद्र यादव



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू खानदानी उद्योगपति और रईस हैं। उनके पूरे परिवार का व्यवसाय आज भी संयुक्त रूप से एक साथ चलता है। इसलिए नकज पैसों की बरामदगी कोई बड़ी बात नहीं है। भाजपा के लोग जो आरोप लगा रहे हैं वो पहले अपने गिरेबान में झांके। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेता सुरेन्द्र यादव ने प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग द्वारा अभी तक अधिकारिक घोषणा भी नहीं की गई है और भाजपा के लोग उछलने लगे हैं। सांसद के पूरे परिवार का व्यापार संयुक्त रूप से चलता है। ऐसे में जो पैसे बरामद हुए हैं वो राजनीति से कमाया हुआ पैसा नहीं बल्कि व्यापार से कमाया हुआ पैसा है, जिसका हिसाब आयकर विभाग को दिया जायेगा। लेकिन भाजपा के लोगों को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए कि गृहमंत्री अमित शाह का बेटा जय शाह चंद सालों में जमीन से आसमान तक पहुंचता है और उसकी जांच नहीं होती। उन्होंने कहा कि सांसद धीरज प्रसाद साहू का परिवार तब से अमीर है जब भाजपा को अपनी मुट्ठी में रखने वाले अडानी-अंबानी के पास कुछ भी नहीं होता होगा। कहा कि आयकर विभाग की जांच के बाद सच सामने आ जाएगा और भाजपा के लोग एक बार फिर बगलें झांकने को मजबूर होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वाशिंग मशीन है, जहां भ्रष्टाचारी जाते हैं और साफ-सुथरा होकर बाहर आते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को लगता है कि वे साफ सुथरी-छवि के लोग हैं। लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि भाजपा ही देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी है, जिसमें देश के तमाम भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। मौके पर अंजनी गुप्ता, राम अवतार सिंह, अजय सिंह, गिरेंद्र कुमार शर्मा आदि थे।

## केतात कला पंचायत में एलपीजी गैस व चूल्हा का वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक उज्वला योजना के अंतर्गत केतात कला की पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे ने अपने आवास पर लगभग डेढ़ दर्जन लाभुकों के बीच एचपी गैस चूल्हा और रेगुलेटर का वितरण किया। गैस चूल्हा का वितरण पंचायत समिति सदस्य और केतात कला के उपमुखिया सत्य प्रकाश चौबे ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि नवीन कुमार चौबे, हरिदत चौबे, मुन्ना ठाकुर, मार्कण्डेय चौबे, सीता राम पासवान, मनोज पासवान, शत्रुघ्न पासवान, राजेश चौबे, कांति कुंवर आदि थे।

# स्पोर्ट्स

**आइसीसी ने दिसंबर 2023 से अप्रैल 2024 के बीच फुल टाइम मेंबर्स टीमों के वनडे और टी-20 मैचों में स्टॉप क्लक रूल लागू किया है। अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर खत्म होने के 60 सेकेंट के भीतर अगला ओवर शुरू करना होगा।**

### नयी शुरुआत : वेस्टइंडीज-इंग्लैंड टी-20 सीरीज से होगी शुरूआत

# वाइट बॉल क्रिकेट में शुरू होगा स्टॉप क्लॉक ट्रायल 60 सेकेंड के अंदर शुरू करना होगा अगला ओवर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने दिसंबर 2023 से अप्रैल 2024 के बीच फुल टाइम मेंबर्स टीमों के वनडे और टी-20 मैचों में स्टॉप क्लॉक रूल लागू किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में खेल की गति तेज करने के प्रयास में यह नियम लाया गया है। अब इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ओवर खत्म होने के बाद अगला शुरू करने के लिए 60 सेकेंड (एक मिनट) का टाइम ही मिलेगा। ट्रायल की शुरूआत 12 दिसंबर को बारबाडोस में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच पहले टी-20 मैच से होगी।

### 2022 में लाया गया था स्लो ओवर फील्डिंग रिस्ट्रिक्शन रूल

**आइसीसी के जनरल मैनेजर वसीम खान ने कहा कि हम इंटरनेशनल क्रिकेट में गेम फास्ट करने के तरीकों पर लगातार विचार कर रहे हैं। वाइट बॉल इंटरनेशनल क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक ट्रायल 2022 के फील्डिंग रिस्ट्रिक्शन रूल लाने के बाद हुआ। टी-20 क्रिकेट में ओवर में देरी होने से 5 की जगह 4 फील्डर को ही 30 यार्ड सर्कल के बाहर फील्ड की अनुमति मिलती है।**

### देरी की तो 5 रन की पेनल्टी

अगर बॉलिंग टीम 60 सेकंड के अंदर बॉलर चेंज नहीं कर सकी तो उन्हें 2 वॉर्निंग मिलेगी। तीसरी बार ऐसा करने पर बैटिंग टीम के स्कोर में 5 रन जुड़ जाएंगे। मैच में हर तीसरी बार ऐसा होने पर बॉलिंग टीम पर 5 रन की पेनल्टी लगेगी। इसे विस्तृत समझाने के लिए बताया गया कि मान लीजिए भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी टी-20 में 6 बार 60 सेकेंड के अंदर अगला शुरू नहीं किया। तो इस परिस्थिति में टीम इंडिया पर 2 बार पेनल्टी लगेगी और ऑस्ट्रेलिया के स्कोर में 10 रन जुड़ जाएंगे। एक पेनल्टी के 5 रन जुड़ने वाले हैं, ऐसे में 2 पेनल्टी के 10 रन जुड़ेंगे और ऐसा ही हर बार होगा।

### 13 दिसंबर से शुरू होगी टी-20 सीरीज

**वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया। अब दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 13 दिसंबर से शुरू होगी। सीरीज के मुकाबले 13, 14, 16, 20 और 22 दिसंबर को खेले जाएंगे। इंग्लैंड की कप्तानी जोस बटलर और वेस्टइंडीज की रोवमन पॉवेल करेंगे।**

### टाइम मॉनिटर अंपायर घड़ी का इस्तेमाल करेंगे

आइसीसी ने बताया कि टाइम मॉनिटर करने के लिए ओवर्स के बीच घड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा। अप्रैल के बाद फैसला लिया जाएगा कि इस नियम को परमानेंट किया जाए या नहीं।

## जियलगोरा में बनने वाले 100 बेड के अस्पताल की झरिया विधायक ने रखी आधारशिला

# झरियावासियों को अगले 5 वर्ष में मूलभूत समस्याओं से मिलेगी निजात: पूर्णिमा

**इससे पहले घर में बैठकर चुनाव जितने वाले लोग यहां की समस्याओं से थे अनजान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अस्पताल निर्माण कार्य की आधारशिला रखती झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।



आधारशिला से पूर्व पूजा करती पूर्णिमा नीरज सिंह।

**झरिया।** जियलगोरा स्टेडियम के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में 10.38 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 100 बेड के अस्पताल भवन की आधारशिला सोमवार को रखी गयी। सत्तारूढ़ दल की सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने दैविक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर आधारशिला रखी। विधायक ने कहा कि झरिया में समस्याओं के अंबार का एक बोझ है, जिसे धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। बिना नाम लिए अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर तंज कसते हुए विधायक ने कहा कि 2019 से पहले घर में बैठकर चुनाव जीतनेवाले लोग जनता कि समस्याओं से अंजान थे। वे क्षेत्र कि हर गली-मुहल्लों में घूमकर लोगों से मिलकर समस्याओं से रू-बरू होकर आज उसके निराकरण में लगी हुई हैं। कहा कि झरियावासियों के लिए पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, अस्पताल, थाना आदि प्रमुख समस्या के समाधान के लिए उनके स्तर से 500 करोड़ कि योजना पर वर्तमान में कार्य कि जा रहा है, जिसमें बीसीसीएल से भी सहयोग लिया जा रहा है। विधायक ने निर्माण होने वाले अस्पताल के बारे में बताते हुए कहा कि 50 हजार स्क्वायर फिट में बनने वाले इस अस्पताल में चिकित्सक एवं कर्मियों के आवास के साथ ही मरीजों के लिए पर्याप्त शैया, पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, ओटी आदि सहित यह अस्पताल आधुनिक संसाधनों से लैस होगी। मेरा प्रयास है कि अगले पांच वर्षों में यहां के लोगों को मूलभूत समस्या से निजात दिला सकूं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने विधायक से अस्पताल का नाम नीरज सिंह के नाम पर रखने का मांग की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डेय, सूरज सिंह, उमाशंकर शाही, मल्लू सिंह, पूर्व पार्षद अफताब आलम, विनय रजवार, चंदन महतो, जहीर खान, अभिषेक सिंह, मनन यादव, मुख्तार खान, आरके पाठक, रामबाबू सिंह, जितेंद्र सिंह, राजीव पांडेय और संवेदक कश्यप गौतम ओझा आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पूरी तरह से विफल : बिरंची नारायण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को पूरी तरह विफल बताया। कहा कि सरकार सिर्फ कागजी कोरम पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी सरकार की नाकामी को छिपाने व जनता के आंखों में धूल झोंकने के लिए कार्यक्रम चला रही है। इससे आम जनों का कोई लाभ नहीं हो पा रहा है। पिछले कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों में कितनो का निष्पादन हुआ सरकार को इसे जनता के सामने रखना चाहिए, जबकि हकीकत यह हैं कि लाखों आवेदन आज भी धूल फांक रहे हैं। इस ओर कोई ध्यान नहीं है, बल्कि सच्चाई ये है कि इडी के सवालों से बचने के लिए सरकारी पिकनिक मनाने के लिए मुख्यमंत्री राज्य भ्रमण कर रहें हैं।


## कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

**Bidding Document No :-NCD/ 03/2023-24**

1.Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for **"Supply of Medicines under NP-NCD (National Programme for Non Communicable Disease)" for District NCD Clinic & CHC NCD Clinic is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency** through tender Notice detailed as in the Bidding Document

**2. Award Methodology: -**Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer **Terms &conditions**

**3 Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 500/- (Rupees Five Hundred Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 20000/- (Rupees Twenty Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 11.12.2023 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 26.12.2023 till 5.00 PM |
| e. | Opening of Technical Bid-PART A | 27.12.2023 at 12.30 PM |
| f. | Opening of Financial Bid-PART B | 27.12.2023 at 03:30 PM |

***Note:-*** *If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.*

***Details bid document*** can be downloaded from the official website of Simdega district i.e. **www.Simdega.nic.in**

PR 313189 Simdega (23-24)_D

**Civil Surgeon cum CMO, Simdega**


## आजसू ही करेगा चंदनकियारी का सर्वांगीण विकास: उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू की बैठक चंदनकियारी के साबड़ा पंचायत में हुई। जिसमें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करूंगा। आजसू ही चंदनकियारी का सर्वांगीण विकास करेगी। कहा कि चंदनकियारी के गांव-गांव की समस्या से मैं अवगत हूं। जब तक चंदनकियारी के हर गांव से लेकर गली-गली का विकास और बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। चंदनकियारी विधानसभा के लोगों के मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस दौरान विभिन्न दलों को छोड़कर आए कई लोगों ने आजसू का दामन थामा। इस मौके पर आजसू साबड़ा पंचायत कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया। बैठक में मनोज कुमार माहथा, नरेश रजवार, बलराम महतो, मंसुर अंसारी, दीपक बाउरी, शक्ति पद बाउरी, महाराज शर्मा, उतम गोप, वृंदावन रजवार, दीपक प्रमाणिक, सरदार हांसदा और अजीत शर्मा आदि उपस्थित थे।

## अरालडीह में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत अरालडीह पंचायत में सोमवार को आपकी योजन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख देवनारायण भगत, बीडीओ जयपाल महतो, 20 सूत्री सदस्य सह अल्पसंख्यक अध्यक्ष अकबर अंसारी, मुखिया सीता देवी आदि ने किया। इस अवसर पर लाभुकों को धोती, साड़ी, कंबल और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। यहां जाति, आवासीय, अबुवा आवास, आंगनबाड़ी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पीडीएस, आयुष्मान एवं श्रम कार्ड, सावित्री बाई फूलों योजना, स्वनिधि से समृद्धि आदि विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। लाभुकों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का चेक दिया गया। दाखिल खारिज वगैरा कार्यों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस अवसर पर देवनारायण भगत ने कहा कि जमीनी स्तर पर लाभुकों को लाभ दिलाने के लिए सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जरूरतमंद अपनी -अपनी जरूरत के अनुसार आवेदन जमा करें। मौके पर मुरलीधर साव, सतीश चंद्र राय, पूर्व मुखिया आनंद, विनोद महतो आदि थे।

## लोयाबाद में छह दिनों से नगर निगम में जलापूर्ति ठप, 25 हजार लोग परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** नगर निगम के पानी की आपूर्ति विगच छह दिनों से ठप है। इससे 25 हजार से अधिक की आबादी के समक्ष जल संकट गहरा गया है। लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। जामाडोबा में केबल में खराबी आ जाने के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। मरम्मती का कार्य चल रहा है। जामाडोबा में अक्सर केबल में फाल्ट और ट्रांसफार्मर जल जाता है। इससे पहले भी कई बार केबल फाल्ट के कारण पानी की आपूर्ति ठप रहा है। लोगों का आरोप है कि लापरवाही के कारण अक्सर लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। लोयाबाद, सेंद्रा, कनकनी, बांसजोडा, कनकनी, हनुमान बाजार, लोयाबाद आठ नंबर, मदनाडीह, पिटखाद, लोयाबाद दुर्गा मंदिर, लोयाबाद पावर हाउस व लोयाबाद कोक प्लांट सहित अन्य श्रमिक कालोनियों के लोग पानी के लिए परेशान हैं। सुबह उठते ही लोग पानी की तलाश में जूट जाते हैं। पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। लोग दूर दराज इलाके से पानी ढो कर लाने या खरीद कर पीने को विवश है। नदी और तालाब का गंदा व प्रदूषित जल का सेवन करने के लिए मजबूर हैं। इस बाबत जानकारी के लिए पीएचडी विभाग के अभियंता जिशान होरो को दो बार फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन

**धनसार (आजाद सिपाही)। कुसुंडा क्षेत्र के विश्वकर्मा आउटसोर्सिंग पैच में सोमवार को ओबी डंपिंग के दौरान उड़ने वाले धूलकण के प्रतिवाद में स्थानीय ग्रामीणों ने झामुमो के बैनर तले प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे झामुमो के जिला कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन नियमो को ताक पर रखकर बस्ती के समीप ओबी डंपिंग किया जा रहा है। जिस कारण धूलकण लोगों के घरों में गिर रहा है। परियोजना के समीप आंगनबाड़ी सहित चार अन्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी धूलकण से त्राहिमाम है। करीब 10 हजार की आबादी प्रभावित है। उधर, प्रदर्शन की सूचना पर प्रबुद्ध व अन्य संगठन से जुड़े लोग भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करने पहुंचे थे।**

## थाने के नजदीक दुकान से लाखों की चोरी

**- महुदा पुलिस ने चोरी कर भाग रहे वाहन को पकड़ा, चोर अब भी फरार, तलाश जारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग के समीप महुदा थाना से चंद कदमों की दूरी पर स्थित टेन स्पोर्ट एंड एम.के बैटरी दुकान में रविवार की रात करीब डेढ़ बजे बैखौफ होकर आधा दर्जन चोर बोलेरो पिकअप वेन वाहन लगाकर दुकान में मौजूद समान की चोरी कर रहे थे। इस दौरान बगल के एक युवक रवि पांडेय एवं उसके साथी शकलदेव महतो ने देखा तो उन्हें संदेह हुआ। जिसके बाद उन लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। सभी चोर वाहन चालू कर आनन-फानन में भागने लगे। पर युवक ने दुकान मालिक को इसकी सूचना दे दी। जिसके बाद दुकान मालिक मौके पर पहुंचकर चोरी की सूचना महुदा पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को महुदा मोड़ स्थित एक निजी होटल के नजदीक से बरामद कर थाने ले आई। प्रत्यक्षदर्शी शकलदेव महतो ने बताया कि वे लोग महुदा स्टेशन रिजर्वेशन के लिये जा रहे थे। तभी 5 से 6 की संख्या में लोगों को दुकान के पास देखा। उनलोगों को संदेह हुआ तो शोर-गुल करने लगे। यह देख सभी चोर वाहन स्टार्ट कर बोकारो की ओर भाग निकले। जिसकी सूचना उन्होंने दुकान मालिक को दी थी। उधर, दुकान मालिक तौफीक अंसारी ने कहा कि चोरी की सूचना मेरे दोस्त ने दिया। जिसे बाद वो तुरंत दुकान पहुंच गया। देखा कि उसकी दुकान में सारा समान बिखरा हुआ हैं। मौके से कई बैटरी व इन्वर्टर के साथ गल्ले से लगभग डेढ़ हजार रुपये व 5 हजार रुपये की स्पोर्टस के समान गायब थे। जिसके बाद इसकी सूचना महुदा पुलिस को दी। पुलिस ने वाहन को पकड़ने के बाद सूचित किया। मैं मौके पर पहुंचकर वाहन में मौजूद समान को देखा लेकिन वाहन में केवल पुराना बैटरी ही था। बाकि समान गायब पाया।


## कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा।

**अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2023–24 दिनांक 09.12.2023**

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Bioremediation of legacy waste (Scientific Dumpsite Land Reclamation through Bio-mining and Resource Recovery, erection of machineries, including Leasing, Manpower deployment, Power supply, Maintenance of spares, Hiring of Vehicles, spraying of Bio-Cultures, Transportation of RDF generated through Bio mining Process & disposal of Inerts to low lying areas or designated landfill ) at existing Koderma Dumpsite, under Koderma Nagar Panchayat , Koderma Jharkhand | 7419515.00 | 148500.00 | 10000.00 | 06 Months |
| A | | Date of Publication of Tender on website | | 12-12-2023 | | |
| B | | Last Date / Time for receipt bid on online | | 23-12-2023 | | |
| C | | Date of opening Tender | | 26-12-2023 | | |
| D | | Name & Address of office inviting tender | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| E | | Helpline No. | | +91-8434850985 | | |

**Note :-**

- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 313193 (Urban Development) 23-24 (D)


## सीएसआइआर-सिंफर में आयोजित हुआ भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 का आउटरीच कार्यक्रम

# राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में आइआइएसएफ की भूमिका महत्वपूर्ण: प्रो मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआइआर-सिंफर) के बरवा रोड स्थित सभागार में सोमवार को को भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आइआइएसएफ) 2023 के आउटरीच कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागिता कर रहे विभिन्न स्कूलों के छात्रों में एक वैज्ञानिक भावना को बढ़ावा दिया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों एवं बच्चों का स्वागत करते हुए आइआइएसएफ के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भावी पथप्रदर्शक के रूप में छात्रों के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों के करियर को आकार देने में आइआइएसएफ की क्षमता पर जोर देते हुए उसके विविध आयोजनों पर प्रकाश डाला। विज्ञान के असीम महत्व की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, प्रोफेसर मिश्रा ने विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ाने में छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसके अलावा रॉक मास वर्गीकरण से लेकर स्तंभों की ताकत बढ़ाने, स्वच्छ कोयले की सुविधा प्रदान करना, ढलान संबंधी समस्याओं का समाधान करने जैसी विभिन्न क्षेत्रों में सीएसआइआर-सिंफर के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। बताया कि सीएसआईआर-सिंफर सेना, डीआरडीओ, नौसेना और वायुसेना जैसे रक्षा क्षेत्रों के लिए भी अपना तकनीकी सहयोग प्रदान करता है। इस संस्थान के वैज्ञानिकों ने हाल ही में उत्तराखंड के टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए किए गएराहत प्रयासों में भी सक्रिय रूप से योगदान दिया है। इसके बाद विज्ञान भारती की राष्ट्रीय समन्वयक मयूरी दत्त ने साल 2015 में इसकी स्थापना से लेकर 9वें संस्करण के रूप में इसकी वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए आइआइएसएफ का एक ज्ञानवर्धक अवलोकन प्रस्तुत किया। मयूरी दत्त ने इस विज्ञान महोत्सव के16 कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की, जिनमें छात्र विज्ञान गांव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नई सीमाओं के साथ आमने-सामने, खेलों और खिलौनों के माध्यम से विज्ञान, विज्ञानिका (विज्ञान साहित्य महोत्सव), नए युग की प्रौद्योगिकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार प्रदर्शनी आदि शामिल हैं। वहीं. बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास ने आइआइएसएफ को उत्सव कहे जाने के अंतर्निहित उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि वैज्ञानिक जागरूकता और जांच की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 200 से अधिक प्रयोगशालाओं में इन आउटरीच कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है। उधर, इस विशाल आयोजन में सरकारी और निजी स्कूल से संबंधित लगभग 300 छात्र और शिक्षकों ने भाग लिया। भाग लेने वाले विद्यालयों में राजकमल सरस्वती मंदिर, धनबाद पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय जगवीन नगर, अभय सुंदरी गर्ल्स हाई स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, डीएवी कोयला नगर, सरस्वती विद्या मंदिर (एसवीएम) श्यामडीह, एसवीएम भूली, एच. ई. स्कूल, भिस्तीपारा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिम्बायोसिस इंट. स्कूल, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल, और एसएसएलएनटी शामिल है। उत्साह के साथ भाग लेते हुए, छात्रों और शिक्षकों ने सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की जल संसाधन प्रबंधन, आईओटी, वेंटिलेशन, सामग्री परीक्षण, रॉक परीक्षण और कई अन्य प्रयोगशालाओं का दौरा करने का अवसर लेते हुए ज्ञानवर्धक आउटरीच कार्यक्रम का लाभ उठाया। सीएसआईआर-सिम्फर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ जेके पांडे ने सभी प्रतिभागियों और योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

**E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/09/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के सतगावाँ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम –पचाने स्थित पचाने नदी पर पुल निर्माण | 37183200.00 | 750,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकालान की तिथि – 20.12.2023.
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.12.2023. से दिनांक 02.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06534358004 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 313196 Rural Work Department(23-24).D

## मोहन यादव होंगे एमपी के सीएम, राजस्थान में फैसला आज



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मध्यप्रदेश के अगले मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे। वह उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। भोपाल स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी है। मोहन यादव ओबीसी वर्ग से आते हैं। शिवराज सिंह ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। वहीं, जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला दो-दो डिप्टी सीएम होंगे। नरेंद्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष होंगे। बैठक में पर्यवेक्षक मनोहर लाल खट्टर, डॉ के लक्ष्मण और आशा लकड़ा मौजूद रहे।

वहीं, राजस्थान के नये मुख्यमंत्री का फैसला आज होने की उम्मीद है। भाजपा ने सभी विधायकों को मंगलवार को बुलाया है। इस बैठक में शामिल होने के लिए ऑब्जर्वर राजनाथ सिंह मंगलवार सुबह आयेंगे। वहीं, सरोज पांडे और विनोद तावड़े जयपुर पहुंच गये हैं। उधर, छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 13 दिसंबर को होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई राज्यों के मुख्यमंत्री सहित अन्य राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री ने लॉन्च की 'विकसित भारत 2047


# युवाओं की आवाज योजना में देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फेंसिंग के जरिए 'विकसित भारत 2047ः युवाओं की आवाज' योजना को लॉन्च किया। इस योजना का लक्ष्य देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसीलिए देश में तमाम वर्कशॉप आयोजित की जायेंगी। कार्यक्रम के दौरान पीएम ने देशभर के राजभवनों में आयोजित वर्कशॉप में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर और संस्थान-प्रमुखों को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' एक पहल है, जिसका उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हमारे युवाओं को एकीकृत करना है। पीएम ने कहा कि आज का दिन विकसित भारत के संकल्पों को लेकर काफी दिन है। मैं उन सभी राज्यपालों को विशेष रूप से बधाई देता हूं, जिन्होंने विकसित भारत के निर्माण से संबंधित इस वर्कशॉप का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि आप उन लोगों को एक मंच पर लाये हैं, जिनके ऊपर देश की युवा शक्ति को दिशा देने की जिम्मेदारी है। शिक्षण संस्थानों की भूमिका है व्यक्तियों का विकास करना और व्यक्तिगत विकास से ही राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। आज के युग में, जिसमें भारत है, व्यक्तित्व विकास का अभियान बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। मोदी ने 'विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज' कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत के इतिहास का वह दौर है, जब देश लंबी छलांग लगाने जा रहा है। हमारे चारों ओर ऐसे कई देशों के उदाहरण हैं, जिन्होंने एक निश्चित समय में इतनी लंबी छलांग लगा कर खुद को विकसित किया है। इसलिए मैं कहता हूं कि यह भारत के लिए सही समय है। हमें इस अमर समय के हर पल का लाभ उठाना है।





## सीयूओ टीम ने विकसित भारत कार्यशाला में भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सीयूओ के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी के नेतृत्व में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों की एक टीम ने 11 दिसंबर को राजभवन, भुवनेश्वर में 'विजन के लिए विचारः विकसित भारत 2047' नामक कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, वर्चुअल मोड में भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलपति, निदेशक ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह के बाद एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों ने विकसित भारत के संबंध में अपनी राय और सुझाव साझा किये। प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी इस सत्र के पहले वक्ता थे। उन्होंने बताया कि कैसे सीयूओ हिंदी भाषा को बढ़ावा देने और ओड़िया साहित्य को दुनिया भर के दर्शकों तक ले जाने के लिए हिंदी में अनुवाद पर काम कर रहा है। डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने ओड़िशा के शिक्षकों को सीयूओ आने और कोरापुट में शिक्षा का समर्थन करने के लिए भी आमंत्रित किया। सत्र की अध्यक्षता ओड़िशा के महामहिम राज्यपाल रघुबर दास ने की। सीयूओ संकाय प्रतिनिधिमंडल में डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी, अंग्रेजी विभाग, डॉ रामेंद्र पाधी, डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर और एचओडी (आई/सी) शिक्षा विभाग और डॉ सौरव गुप्ता, नोडल अधिकारी, एक भारत श्रेष्ठ भारत और विभागाध्यक्ष (प्रभारी) पत्रकारिता और जनसंचार विभाग शामिल थे। कोरापुट में सीयूओ परिसर में संकाय और छात्रों ने कार्यक्रम के लाइव वेबकास्ट में भाग लिया।



## धर्मेंद्र प्रधान ने नवीन पटनायक को लिखा पत्रः रेंगाली विस्थापितों की 7 मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से रेंगाली के विस्थापितों को बढ़ी हुई मुआवजा राशि के साथ 7 सूत्री मांग पूरी करने का अनुरोध किया। धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि रेंगाली बहुउद्देश्यीय तटबंध परियोजना ने राज्य की सिंचाई और बिजली उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि की है, लेकिन इस परियोजना ने हजारों विस्थापित स्थानीय निवासियों को हमेशा के लिए दुख में छोड़ दिया है। 1973 में रेंगाली योजना में अंगुल जिले के पाललहड़ा, तालचेर और देवगड जिलों के कुल 263 गांव डूब गये और लगभग 13 हजार परिवार बेघर हो गये। उचित आवास और मुआवजे के अभाव में कई लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय निवासियों को बिना किसी स्पष्ट पुनर्वास नीति के या बिना किसी ग्राम सभा, पल्ली सभा या सार्वजनिक सुनवाई के स्थानांतरित होने के लिए मजबूर किया गया। इस बीच ब्राह्मणी में बहुत पानी बह गया है। न्याय के लिए कई धरना, भूख हड़ताल, विरोध और प्रदर्शन भी हुए हैं। हालांकि विस्थापितों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। दिवंगत पवित्र मोहन प्रधान ने एक बार विस्थापितों के अधिकारों के लिए आंदोलन का आह्वान किया था। उनकी अनुपस्थिति में तदनुरूप सशक्त नेतृत्व के अभाव के कारण पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। 80 प्रतिशत से अधिक गरीब, खटीखिआ, किसान, पिछड़े वर्ग और दलित और आदिवासी समुदाय आज उपेक्षित और अपमानित महसूस करते हैं क्योंकि उनके पास अदालतों का दरवाजा खटखटाने का साधन नहीं है । वे तो यहां तक मान रहे हैं कि यह गडजात क्षेत्र के प्रति राज्य सरकार के उदासीन रवैये का चरम प्रतिबिंब भी मानते हैं। पाललहड़ा रेंगाली के विस्थापित क्षतिग्रस्त महासंघ सदस्यों ने सात सूत्री मांगों को लेकर रेंगाली जलाशय से सटे पाललहड़ा द्वितीय चिल्लीका में अनिश्चित काल के लिए जल सत्याग्रह कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो वे उक्त जलाशय में जल समाधि ले लेंगे। इसलिए केंद्रीय मंत्री ने विस्थापितों की सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री से सहयोग मांगा है। विस्थापितों के सात सूत्री मांग है उच्चाधिकार प्राप्त पूर्ण समिति की सिफारिश पर 50,000 प्रति एकड़ अनुग्रह राशि का तत्काल भुगतान करना । स्थायी पट्टा का प्रावधान, खनन क्षेत्र में विस्थापित परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार, राशन कार्ड और स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में सभी विस्थापित व्यक्तियों को गरीब वर्ग के रूप में शामिल करना।



## ओड़िशा केंद्रीय विवि में '21वीं सदी में महिलाएंः पर्यावरण और सतत विकास' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददता

**भुवनेश्वर।** '21 वीं सदी में महिलाएंः पर्यावरण और सतत विकास' पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 7 दिसंबर 2023 को शुरू हुआ और 9 दिसंबर 2023 को ओडिशा केंद्रीय विवि के मुख्य परिसर में समाप्त हुआ। इसका आयोजन ओडिशा केंद्रीय विवि के समाजशास्त्र विभाग द्वारा वर्ल्ड सेंटर फॉर वुमन स्टडीज, बफेलो यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क, यूएसए के सहयोग से किया गया था। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने अपनी शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि सम्मेलन नीति निमार्ताओं के लिए दिशानिर्देश प्रदान करने और युवा पीढ़ी को इस क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर बोलते हुए, ओड़िशा केंद्रीय विवि के सलाहकार (शिक्षाविद और प्रशासन) प्रोफेसर विभाष चंद्र झा ने कहा, हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य वैश्विक लैंगिक असमानता को खत्म करना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के विकास में। इस सम्मेलन में कोरापुट क्षेत्र के बाजरा सहित कृषि उत्पादों के माध्यम से क्षेत्र के विश्व स्तरीय विचारों का प्रदर्शन किया गया। भारत के धार्मिक ग्रंथ अथर्ववेद ने हमें सिखाया है कि यह भूमि हमारी माता है। बफेलो विवि, न्यूयॉर्क में पर्यावरण और स्थिरता विभाग की प्रोफेसर बारबरा वीजनेर्ट ने सम्मानित अतिथि के रूप में छात्रों के बीच बेहतर भविष्य के लिए अपार संभावनाओं पर बात की। प्रख्यात समाजशास्त्री और संबलपुर विवि के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बीसी बारिक ने विभिन्न विषयों में ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रारंभ में, विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ कपिला खेमुंडू ने स्वागत भाषण दिया। समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ नुपुर पटनायक ने तकनीकी सत्रों के संचालन में सहायता की और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रोफेसर मानस मलिक ने कार्यक्रम में सहयोग किया और लैंगिक असमानता और सतत विकास पर बात की। कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग के शोधकर्ता निरंजन माझी द्वारा प्रस्तुत किया गया था। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक, वरिष्ठ अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।




आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी , दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबहः 07.00-10.00 से दोपहरः 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors : bathsense ESSESS Flowkem Glocera m-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

MSME JAS-ANZ IAF
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**